दैनिक जयन्त
स्थापित : 1979
संस्थापक
स्व0 श्री नरेन्द्र उनियाल
वर्ष-45, अंक 59
कोटद्वार बुधवार
21 जून 2023, पृष्ठ-8

गढ़वाल जनपद का प्रथम दैनिक
जयन्त
निर्भीक-निष्पक्ष-जनसरोकार

खबर बड़ी होती है,
अखबार नहीं
दैनिक जयन्त
www.dainikjayantnews.com

कोटद्वार एवं गैरसैंण से प्रकाशित डाक पंजीयन यू.ए./पी.ए.ओ.07-2021-23 फोन नं0 01382-222383, मो0 नं0 8384897348, 9412081969 e-mail : dainikjayant@rediffmail.com, nagendra.uniyal@gmail.com मूल्य-2 रुपये

ओडिशा ट्रेन हादसा: , रेलवे बोला– कोई नहीं भागा, हमारा पूरा स्टाफ मौजूद

बालासोर, एजेंसी। बालासोर ट्रिपल ट्रेन हादसे की जांच कर रही सीबीआई ने एक जूनियर इंजीनियर से हाल ही में पूछताछ की थी। कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में इस बात का दावा किया गया है कि जूनियर इंजीनियर पूछताछ के बाद से फरार है। दक्षिण पूर्व रेलवे के सीपीआरओ आदित्य कुमार चौधरी ने इन रिपोर्ट्स को गलत बताया है। चौधरी ने मंगलवार को कहा– हमारा पूरा स्टाफ मौजूद है और जांच में सहयोग कर रहा है।2 जून को ओडिशा के बालासोर में ट्रेन हादसा हुआ था। इसमें चेन्नई जाने वाली कोरोमंडल एक्सप्रेस, हावड़ा जाने वाली शालीमार एक्सप्रेस और एक मालगाड़ी आपस में टकरा गई थीं। हादसे में 292 लोगों की मौत हो चुकी है। मामले की जांच उइक कर रही है।ओडिशा ट्रिपल ट्रेन हादसे को लेकर बालासोर स्थित जीपीआरएस में 3 जून को एफआईआर दर्ज की गई थी। बाद में रेल मंत्री ने घटना की जांच सीबीआई से कराने की मांग की थी। केंद्र सरकार की सहमति के बाद सीबीआई ने केस अपने हाथ में ले लिया था।

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव मंगलवार शाम बहनागा बाजार पहुंचे। वैष्णव ने बताया– मैं यहां के लोगों से मिल रहा हूं। हादसे के दिन उनके सहयोग के लिए धन्यवाद करने आया हूं। यहां गांव और अस्पताल के विकास कार्य के लिए 2 करोड़ रुपए आवंटित किए गए हैं।

योग ने देश व दुनियां को दिया है स्वस्थता का संदेश : मुख्यमंत्री

जयन्त प्रतिनिधि।

देहरादून : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की पूर्व संध्या पर जारी अपने संदेश में कहा कि योग ने देश व दुनिया को स्वस्थ्ता का संदेश दिया है। योग भारत की प्राचीनतम और समृद्ध परम्परा की एक पहचान है। पूरी मनुष्यता को हमारे ऋषि–मुनियों की यह महत्वपूर्ण देन है। योग साधना के द्वारा हम शारीरिक व मानसिक रूप से स्वस्थ रह सकते हैं।

सीएम पुष्कर सिंह धामी योग दिवस की पूर्व संध्या पर संदेश देते हुए।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि योग के द्वारा आज दुनिया में हमारी विशिष्ट पहचान बनी है। यह आत्मा को परमात्मा से मिलाने का सेतु भी है। योग जोड़ने का कार्य करता है। इसी का प्रतिफल है कि आज दुनिया योग को अपना रही है तथा योग के लिये दुनिया भारत की ओर देख रही है। योग ने देश व दुनिया को स्वस्थ्ता का भी संदेश दिया है। हमारे योगाचार्यों ने भी योग को जन–जन तक पहुंचाने का कार्य किया है। मुख्यमंत्री ने योग को भारत की विशिष्ट पहचान बताते हुए कहा कि योग में मन और चित्त की मलिनता को दूर करने की ताकत है। योग ने मनुष्य की सुख शान्ति की राह प्रशस्त की है। महान ऋषि पतंजलि ने योग के माध्यम से लोगों को जीने की राह दिखाई है। हर मनुष्य का परम लक्ष्य सुख और शांति की प्राप्ति है जिसमें योग की बड़ी भूमिका है। मुख्यमंत्री ने कहा कि शरीर और मन दोनों को सेहतमंद बनाए रखने के लिए नियमित रूप से दिनचर्या में योगासनों को शामिल करके लाभ प्राप्त किया जा सकता है। कहा कि योग से संपूर्ण शरीर की दिशा एवं दशा बदलती है साथ ही जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आते हैं। योग का अभ्यास शरीर, श्वास और मन को जोड़ता है। उन्होंने कहा आदिकाल से ऋषि-मुनियों ने योग को अपनाया है उनकी शक्ति एवं सफलता के पीछे योग एवं ध्यान है। अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर राज्य में मुख्य कार्यक्रम जागेश्वर धाम, अल्मोड़ा एवं सह कार्यक्रम सूर्य मंदिर, कोसी कटारमल, अल्मोड़ा में आयोजित किया जायेगा। इसके साथ ही चारों धाम–बद्रीनाथ, केदारनाथ, गंगोत्री, यमुनोत्री, कुमाऊं के 15 मानस खंड मंदिर, हर की पैड़ी हरिद्वार, गंगा रिजॉर्ट, ऋषिकेश एवं 300 आयुष हेल्थ एंड वैलनेस केंद्रों में भी योग के कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा।

अमेरिका के लिए रवाना हुए प्रधानमंत्री, बोले– यूएस का दौरा दोनो देशों के मजबूत संबंधों का प्रतिबिंब

नई दिल्ली (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अमेरिका के पहले राजकीय दौरे पर मंगलवार सुबह रवाना हो गए। मोदी का अमेरिका दौरा 21 जून से शुरू होकर 24 जून को खत्म होगा और यहां से प्रधानमंत्री मिस्र के दौरे पर जाएंगे।मोदी ने अमेरिका रवाना होने से पहले विश्वास व्यक्त किया कि उनकी अमेरिका की यात्रा से दोनों देशों के बीच संबंध और भी मजबूत होंगे। प्रधानमंत्री ने कहा मैं राष्ट्रपति जो बाइडेन और प्रथम महिला डॉ जिल बाइडेन के निमंत्रण पर अमेरिका की राजकीय यात्रा पर जा रहा हूं। यह विशेष निमंत्रण हमारे लोकतंत्रों के बीच साझेदारी के उमंग और शक्ति को दर्शाता है। प्रधानमंत्री की इस यात्रा की खास बात यह है कि वह दूसरी बार अमेरिकी कांग्रेस की संयुक्त बैठक को संबोधित करने वाले पहले भारतीय प्रधानमंत्री होंगे।

अहमदाबाद में जगन्नाथ रथयात्रा के दौरान बालकनी गिरी

यात्रा देख रहे एक युवक की मौत, 3 बच्चों समेत 10 घायल

अहमदाबाद, एजेंसी। अहमदाबाद के दरियापुर काडियानाका रास्ते में मंगलवार को एक इमारत की दूसरी मंजिल की बालकनी का हिस्सा गिर गया। इसकी चपेट में आकर रथयात्रा के दर्शन कर रहे एक व्यक्ति की मौत हो गई। 3 बच्चों समेत 10 लोग घायल हुए हैं जिन्हें सिविल अस्पताल में भर्ती किया गया है।अहमदाबाद के जमालपुर स्थित भगवान जगन्नाथ मंदिर से रथयात्रा सुबह 7.40 बजे निकली थी। शाम 5 बजे तीनों रथ दरियापुर पहुंचे। यहां इन्हें एक मंदिर के पास करीब 15 मिनट रोका गया। पूजा–अर्चना के बाद ये रवाना हुए। जब ये कडियानाका इलाके में पहुंचे तो यह हादसा हो गया। हालांकि, अब रथयात्रा कडियानाका से रवाना हो गई है।

इस हादसे के पीछे अहमदाबाद महानगर पालिका की लापरवाही भी सामने आई है। रथ यात्रा मार्ग के सभी खतरनाक और जर्जर घरों को नोटिस दिया जाना था। लेकिन जांच के बाद भी इस मकान के लिए कोई नोटिस जारी नहीं किया गया था। हादसे के बाद घायलों को अस्पताल ले जाया जा रहा था तब महानगर पालिका की टीम नोटिस लेकर घर पहुंच गई।

भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा मंगलवार को देशभर में निकाली जा रही है। ओडिशा के पुरी में होने वाली रथयात्रा के बाद देश की दूसरी सबसे बड़ी रथयात्रा अहमदाबाद के जमालपुर स्थित भगवान जगन्नाथ मंदिर में होती है।

गृहमंत्री अमित शाह ने सुबह जमालपुर जगन्नाथ मंदिर में परिवार समेत मंगला आरती की।

लू के कहर से निपटेगी केंद्र सरकार, अधिक कहर वाले राज्यों में भेजी जाएगी अफसरों की टीमें

नई दिल्ली (एजेंसी)। उत्तर भारत के अधिकतर राज्यों में लू कहर बरपा रही है। इसी कहर के बीच स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया की अध्यक्षता में आज हाईलेवल बैठक हुई।बैठक खत्म होने के बाद मांडविया ने कहा, 'जिन राज्यों में लू चल रही है और लू की घटनाएं हुई हैं। वहां आपदा प्रबंधन, मौसम विभाग और केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के अधिकारियों की एक टीम राज्य सरकार की सहायता के लिए भेजी जाएगी। गौरतलब है कि देश के कई राज्यों में पड़ रही भीषण गर्मी से कई लोग बेहाल हैं। लू लगने से बीते 72 घंटे में यूपी और बिहार में 70 से ज्यादा लोगों की मौत हो गई है। बिहार के गया जिले में बढ़ते तापमान के बीच अनुग्रह नारायण मगध मेडिकल कॉलेज में सोमवार को 58 मरीज भर्ती हुए. राज्य में भीषण गर्मी के चलते पटना के जिलाधिकारी ने 12वीं कक्षा तक की सभी शैक्षणिक गतिविधियों को 24 जून तक के लिए स्थगित कर दिया है।

ट्रकों में अब एसी केबिन होंगे: गडकरी

नई दिल्ली, एजेंसी। 2025 से ट्रक ड्राइवरों के लिए एयर कंडीशन्ड केबिन कम्पल्सरी हो जाएगा। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने मंगलवार को इसकी घोषणा की। सरकार ने यह फैसला देश के लॉजिस्टिक्स क्षेत्र में लागत कम करने, लंबी यात्रा के दौरान ड्राइवरों के स्वास्थ्य पर पड़ने वाले विपरीत असर को कम करने और सड़क हादसों को रोकने के लिए लिया है।महिंद्रा लॉजिस्टिक्स के एक कार्यक्रम में गडकरी ने कहा, 'जब मैं मंत्री बना तो मुझे लगा कि 44 से 47 डिग्री टेम्प्रेचर में कैसे ड्राइवरों की हालत खराब होती होगी। मैंने एसी केबिन का प्रस्ताव दिया तो कुछ लोगों ने ये कह कर विरोध किया कि इससे कॉस्ट बढ़ेगी, लेकिन अब फाइनली मैंने आदेश की कॉपी पर साइन कर दिया है।'गडकरी ने कहा, 'ड्राइवर्स की वर्किंग कंडीशन में सुधार करने की जरूरत है और ज्यादा ड्राइविंग स्कूल स्थापित करके ड्राइवरों की कमी को दूर करने के लिए भी कदम उठाए जाएंगे।' देश में ट्रक ड्राइवरों को सरकार का ये कदम काफी राहत देने वाला हो सकता है, जो हर मौसम में हर दिन करीब 14–16 घंटे ड्राइविंग सीट पर बिताते हैं।

गडकरी ने कहा कि ड्राइवरों की कमी की वजह से भारत में मौजूद ड्राइवर्स 14–16 घंटे काम करते हैं, जबकि दूसरे देशों में ट्रक डाइवरों के काम करने का समय फिक्स है।

उन्होंने ये भी कहा कि भारत की इकोनॉमी तेजी से आगे बढ़ रही है, ऐसे में लॉजिस्टिक सेक्टर काफी अहम है और भारत के एक्सपोर्ट को बढ़ाने के लिए लॉजिस्टिक की लागत को कम करना काफी जरूरी है।गडकरी बोले–देश में ट्रांसपोर्ट सेक्टर में ड्राइवर का सबसे बड़ा रोल है।

IHMS
KOTDWAR
17 Years of Excellence in Education
ESTD. 2006
ISO 9001-2015 Certified
Institute of Hospitality, Management & Sciences
Admissions Open
"Journey Towards Excellence"
100% JOB ASSISTANCE
AVAILABLE PROGRAMMES
B.H.M. 4 Years
B.B.A. 3 Years
B.C.A. 3 Years
B.Sc. IT 3 Years
C.H.M. 1 Year
M.B.A. 2 Years
Current Placement
PRIYANSHU RAWAT WIPRO LIMITED
SAGAR RAWAT TAJ USHA KIRAN PALACE
NIKITA RAWAT WIPRO LIMITED
DEEPAK KUMAR DHAUNDIYAL RAMADA JAIPUR
AJAD HYATT JAIPUR
AYUSH CHAUDHARI DIGITAL AGE RETAIL Pvt. Ltd.
MAYANK TIWARI DIGITAL AGE RETAIL Pvt. Ltd.
MOHD. MUNAJIR HUSSAIN DAFFODILL SOFTWARE
HEMANT DIXIT TAJ HOTELS AND RESORTS
KARTIK INFLIGHT CATERING, PUNE
SUMIT RAWAT INFLIGHT CATERING
ANKITA KUNDALIYA WIPRO LIMITED
Mob.: 7902000023, 8057726863
Balbhadrapur, B.E.L. Road, Kotdwar-246149(UK)
Email:Info@ihms.ac.in, ihmskotdwar1@gmail.com | Web: www.ihms.ac.in

जनता की समस्याओं के निराकरण में विलंब न हो : एडीएम

जयन्त प्रतिनिधि। रूद्रप्रयाग : क्षेत्रीय जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान करने के उद्देश्य से जिलाधिकारी मयूर दीक्षित के निर्देशन में अपर जिलाधिकारी दीपेंद्र सिंह नेगी की अध्यक्षता में तहसील जखोली में तहसील दिवस का आयोजन किया गया। तहसील दिवस में स्थानीय जन प्रतिनिधियों एवं क्षेत्र वासियों द्वारा कुल 17 शिकायतें दर्ज कराई गई। जिनमें से 06 शिकायतों का मौके पर ही निराकरण किया गया। जबकि शेष शिकायतों के त्वरित निस्तारण हेतु संबंधित विभागों को प्रेषित किया गया। अपर जिलाधिकारी ने कहा कि जनता की समस्याओं के निराकरण में किसी भी प्रकार का विलंब न किया जाए, सभी अधिकारी क्षेत्रीय जनता की समस्याओं के लिए आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए प्राप्त शिकायतों पर यथोचित कार्यवाही करना सुनिश्चित करें। मंगलवार को आयोजित तहसील दिवस में ग्राम पंचायत पूलन बांगर के प्रधान मनोज सिंह ने स्वीकृत होने के बावजूद गांव में एएनएम केंद्र की स्थापना नहीं किए जाने की शिकायत दर्ज की। इसके साथ ही उन्होंने पशु सेवा केंद्र के भवन निर्माण करने तथा पीएमजीएसवाई द्वारा गोरपा-कुरझोला मोटर मार्ग में मानसून सीजन के दृष्टिगत कॉजवे के स्थान पर डाट पुलिया निर्माण करने की मांग की। ग्राम प्रधान धारकोट की प्रधान श्रीमती ममता देवी ने ग्राम धारकोट के अंतर्गत सिंचाई व लघु सिंचाई की नहर व गूल क्षतिग्रस्त होने के कारण सिंचाई व्यवस्था सही न होने के संबंध में, ललूड़ी की प्रधान श्रीमती शीला भंडारी ने पशुओं को गंभीर बीमारी के कारण यथाशीघ्र उपचार किए जाने के लिए आवश्यक स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने, ग्राम ललूडी में बंद पड़ी हुई सोलर लाइटों की मरम्मत करने तथा ललूड़ी महाविद्यालय मोटर मार्ग के डामरीकरण व रामाश्रम से महाविद्यालय तक मोटर मार्ग नव निर्माण के संबंध में शिकायत दर्ज की। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी ने उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सरकार व प्रशासन की प्राथमिकता है कि क्षेत्र की जनता की समस्याओं का यथासंभव प्राथमिकता से निराकरण किया जाए। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि तहसील दिवस में जो भी शिकायतें क्षेत्रीय जनता एवं जन प्रतिनिधियों द्वारा दर्ज कराई गई हैं उन पर सभी अधिकारी शीघ्र कार्यवाही करते हुए निराकरण करना सुनिश्चित करें। इस दौरान तहसीलदार बीएल शाह, खंड विकास अधिकारी जखोली सूर्य प्रकाश शाह, लखपत सिंह रौथाण, मनीष कुमार, महावीर लाल सहित जन प्रतिनिधि व स्थानीय जनता मौजूद रही।

फोटो 102

काँग्रेस नेता प्रीतम सिंह की माताजी पंचतत्व मे विलीन, हरिद्वार में हुआ अंतिम संस्कार

हरिद्वार। पूर्व नेता प्रतिपक्ष और विधायक प्रीतम सिंह की मां रूपा देवी (92) का खड़खड़ी स्थित शमशान घाट में अंतिम संस्कार हुआ। विधि विधान के साथ प्रीतम सिंह, भाई चमन सिंह, राजपाल, बेटा अभिषेक सिंह ने नम आंखों से उन्हें मुखाग्नि दी। अंतिम संस्कार पर कांग्रेस और भाजपा के कई बड़े नेता शामिल हुए, जिन्होंने अपनी श्रद्धांजलि दी। पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत, नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य, कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा, हरिद्वार शहर विधायक मदन कौशिक, कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल, पूर्व दर्जाधारी संजय पालीवाल, विधायक रवि बहादुर, विधायक आदेश चौहान, विरेंद्र जाती, आदेश चौहान, पूर्व विधायक काजी निजामुद्दीन, संजय गुप्ता, ब्रह्मस्वरूप ब्रह्मचारी, महानगर अध्यक्ष सतपाल ब्रह्मचारी, विजयपाल सजवाण, राजकुमार, लालचंद शर्मा, सूर्यकांत धस्माना, आर्येंद्र शर्मा, मथुरा दत्त जोशी, आकशी भाटी, विदित शर्मा, संदीप सहगल, सतीश नैनवाल, राहुल छिमवाल, प्रदीप थपलियाल, हरि किशन भट्ट, गौरव कुमार, गोपाल रावत, जयेंद्र रमोला, राजपाल खरोला, सुधीर राय, धर्मपाल सिंह, यशपाल राणा, दिनेश कौशिक आदि शामिल रहे।

भाजपा कार्यकर्ताओं ने पीडब्लूडी कार्यालय को घेरा

देहरादून। ब्रह्मपुरी वार्ड में विकास कार्य रोकने से भड़के भाजपा कार्यकर्ताओं ने पीडब्ल्यूडी कार्यालय में प्रदर्शन किया। जेई के खिलाफ प्रदर्शन कर कार्यालय का गेट बंद कर दिया।

भाजपाईयों जेई को हटाने की मांग की। इस मौके पर पार्षद सतीश कश्यप ने कहा कि लोगों का गुस्सा जेई के खिलाफ था, लेकिन जेई उनके पहुंचने से पहले ही कार्यालय से चले गए। आरोप लगाया कि पूरे शहर में जिला योजना के काम हो चुके हैं, लेकिन ब्रह्मपुरी वार्ड में काम नहीं होने दिए जा रहे हैं। वार्ड के जो विकास से संबंधित प्रस्ताव हैं, उनको दरकिनार किया जा रहा है। 15 दिन के भीतर सभी रुके हुए काम शुरू करने के आश्वासन पर भाजपाई माने। साथ ही चेताया कि काम शुरू नहीं हुए तो बड़ा आंदोलन करेंगे। प्रदर्शन करने वालों में भाजपा के मंडल अध्यक्ष संजीव सिंघल, महामंत्री आशीष गिरी, महिला मोर्चा की मंडल अध्यक्ष नीतू रावत, युवा मोर्चा के मंडल अध्यक्ष सागर यादव, नीरा कंडारी, नीरज यादव, गुलनाज खान, भावना भट्ट, सुनीता पाल, सुनीता शर्मा, पानो देवी, विजय कुमार, हरी किशोर, गौरव बुडाकोटी, अल्पसंख्यक मोर्चा के महामंत्री सोनू कुमार, वसीम खान, वरुण वालिया, नरेश यादव, रवि कश्यप, पुष्पराज ध्यानी, विंदर कश्यप, नाथीराम धीमान, सौरभ कुमार, अंकुर शर्मा, रवि कुमार, सहदेव प्रसाद, विजय जयपुरिया, शिव प्रसाद नौटियाल, राजाराम, वेद पाल, अनुज त्रिपाठी, सौरभ दुबे, अंकित सक्सेना, रोशन बहादुर थापा, कुसुम वर्मा, गणेश सिंह आदि मौजूद रहे।

फुटबॉल टूर्नामेंटः ठाकुरी एफसी और सिटी यंग्स ने जीते मुकाबले

देहरादून। गोल्डन जुबली गोल्ड कप फुटबॉल टूर्नामेंट में ठाकुरी एफसी ने गोरखा ब्रिगेड और सिटी यंग्स ने ब्ल्यू स्टार एफसी को हराकर पूरे अंक हासिल किए। सिटी यंग्स फुटबॉल क्लब की ओर से पवेलियन ग्राउंड में चल रहे टूर्नामेंट में मंगलवार को ठाकुरी एफसी व गोरखा ब्रिगेड एफसी के बीच पहला मैच खेला गया। खेल के दूसरे मिनट में ही ठाकुरी एफसी के फारवर्ड सौरभ ने गोल दाग टीम का खाता खोला। पिछड़ने के बाद गोरखा ब्रिगेड एफसी ने बराबरी पर आने के कई प्रयास किए। अग्रिम पंक्ति के खिलाड़ी मौकों को भुना नहीं सके।

नशे पर अंकुश लगाने के लिए विभाग समन्वय बनाकर कार्य करें : डीएम

चमोली : नशीले पदार्थों की रोकथाम और आम जनमानस को इसके दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करने को लेकर मंगलवार को जिलाधिकारी हिमांशु खुराना की अध्यक्षता नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंस एक्ट के अन्तर्गत गठित जिला स्तरीय समिति की बैठक हुई। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि नशे की प्रवृति पर अंकुश लगाने के लिए सभी विभाग समन्वय बनाकर कार्य करें। नशीले पदार्थों की तस्करी रोकने के लिए सक्रियता के साथ अभियान चलाया जाए। उच्च शिक्षण संस्थाओं में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कराए। विद्यालयों में गठित एंटी ड्रग्स कमेटी को सक्रिय करें। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि मेडिकल स्टोरों, बुक विक्रेता व दुकानदारों पर कड़ी निगरानी रखने के साथ शिक्षा विभाग को विद्यालयों में मादक पदार्थों के सेवन से ग्रसित छात्रों के नियमित परामर्श हेतु विद्यालय स्तर पर कमेटी का गठन किये जाने और कमेटी द्वारा छात्रों की काउंसलिंग करवाने के निर्देश दिए गए। समाज कल्याण विभाग को नशे में लिप्त व्यक्तियों की काउंसलिंग के लिए काउंसलर एवं उपचार हेतु मनोचिकित्सक की व्यवस्था करने की कार्यवाही करनें तथा बढ़ती नशाखोरी को रोकने के लिए स्वैच्छिक संस्थाओं का सहयोग प्राप्त करने हेतु निर्देशित किया।

संक्षिप्त समाचार

बालिका प्रोत्साहन योजना से 73 छात्राओं को दी साइकिल

हरिद्वार। इंटरमीडिएट कॉलेज फेरुपुर रामखेड़ा में बालिका प्रोत्साहन योजना साइकिल वितरण कार्यक्रम हुआ। मुख्य अतिथि भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राकेश गिरी ने कक्षा नौ की 73 छात्राओं को साइकिल वितरित की गई। राकेश गिरी ने कहा कि सरकार बालिकाओं को शिक्षा के प्रति प्रोत्साहन देने के लिए कई योजनाओं का संचालन कर रही है। उन्होंने बालिकाओं को शिक्षा से जोड़ने का आह्वान किया है। जिला पंचायत के उपाध्यक्ष अमित चौहान ने कहा कि छात्राएं अपना लक्ष्य बनाकर शिक्षा में नाम रोशन करें। उन्हें अभी से एक लक्ष्य चुन लेना चाहिए कि उन्हें डॉक्टर, इंजीनियर, पायलेट, अध्यापक या क्या बनाना है। लक्ष्य के हिसाब से ही वह अपनी तैयारियां कर सफलता पा सकती है। आयोजक जगपाल सिंह सैनी ने कार्यक्रम का संचालन किया। इस मौके पर विवेक चौहान, शुभम सैनी, तंजीम अहमद, योगेश चौहान, डॉ. नूर अली, प्रणव यादव, धनंजय सैनी, सोनू, राजेश कुमार, संजय पाल, मांगेराम आदि मौजूद रहे।

हर ग्राम योग–हर वार्ड योग थीम पर मनाया जाएगा अन्तराष्ट्रीय योग दिवस

देहरादून। मुख्य विकास अधिकारी सु झरना कमठान ने अवगत कराया है कि 21 जून को आयोजित किए जाने वाले 9वें अन्तराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर उत्तराखण्ड राज्य में विभिन्न कार्यक्रम किए जा रहे हैं।

इस वर्ष के आयोजन हेतु राज्य सरकार द्वारा ह्हर ग्राम योग–हर वार्ड योगह् यह थीम निर्धारित की गई है व थीम आधारित आयोजन किए जाने का निर्णय लिया गया है।

मुख्य विकास अधिकारी सु झरना कमठान ने समस्त विभागयाध्यक्ष एवं नगर आयुक्त, नगर निगम, देहरादून, ऋषिकेश, अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका, विकासनगर, मसूरी, डोईवाला, अधिशासी अधिकारी, नगर पंचायत, हर्बटपुर सेलाकुई को निर्देशित किया कि जनपद में अपने–अपने स्तर से प्रत्येक नगर निकाय के वार्डों एवं समस्त ग्राम सभाओं एवं नागर निकाय में योगाभ्यास किया जाए।

सांप्रदायिकता उंमाद के खिलाफ लोगों ने दिया धरना

भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी
टिहरी गढ़वाल (उत्तराखण्ड)
मार्क्सवादी
जनपद-टिहरी गढ़वाल

नई टिहरी : वामपंथी विचारधारा से जुड़े लोगों ने प्रदेश में सांप्रदायिकता उन्माद के खिलाफ और सांप्रदायिकता सौहार्द्र के पक्ष में नई टिहरी में धरना दिया। उन्होंने राज्यपाल को आठ सूत्रीय मांग पत्र भेजकर प्रदेश में सांप्रदायिकता सौहार्द्र कायम रखने की मांग की। मंगलवार को भाकपा, माकपा, भाकपा (माले) पार्टियों से जुड़े लोगों ने प्रदेश में सांप्रदायिकता सौहार्द कायम रखने को लेकर नई टिहरी स्थित सुमन पार्क में धरना दिया। भाकपा प्रदेश सचिव जगदीश कुलियाल ने राज्यपाल से उत्तरकाशी के पुरोला सहित प्रदेश के अन्य जगहों पर सांप्रदायिक घटनाओं पर तत्काल रोक लगाने, लव और लेंड जिहाद जैसी सांप्रदायिक शब्दावली का प्रयोग बंद करने, प्रदेश में अल्पसंख्यकों, दलितों, गरीबों को डराये और धमकाये जाने को बंद किये जाने की मांग की है। भाकपा राज्य कमेटी सदस्य भगवान सिंह राणा ने अपराध की रोकथाम के लिये कानून के मुताबिक अपराधियों पर कार्यवाही करने, उच्च न्यायालय के आदेशों के बावजूद प्रदेश में नफरती भाषण दिये जाने पर रोक लगाये जाने, प्रदेश में नौकरियों, जल, जंगल और जमीन की लूट को बंद करने, जंगली जानवरों से किसानों की खेती की सुरक्षा की मांग की है।

110 ग्राम चरस के साथ एक गिरफ्तार

रूद्रप्रयाग : जनपद पुलिस की एसओजी टीम ने चेकिंग के दौरान एक स्थानीय व्यक्ति को 110 ग्राम चरस के साथ गिरफ्तार किया है। जिसके विरुद्ध थाना ऊखीमठ पर एनडीपीएस ऐक्ट की धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक कार्यवाही की जा रही है।पुलिस अधीक्षक विशाखा अशोक भदाणे ने जिले की एसओजी टीम को युवा वर्ग में बढ़ती नशे की प्रवृत्ति को रोकने के लिए स्कूलों व शिक्षण संस्थाओं के बीच जाकर नशे के दुष्प्रभावों के सम्बन्ध में जागरुक किए जाने के लिए निर्देशित किया था। गत सोमवार को देर शाम को जिले की एसओजी टीम ने आलोक नेगी निवासी मक्कूमठ, थाना ऊखीमठ के कब्जे से 110 ग्राम अवैध चरस बरामद की।

लोक सभा चुनाव की तैयारी में जुटें कार्यकर्ता : महेंद्र भट्ट

नई टिहरी : थौलधार ब्लॉक के कंडीसौड़ में महाजनसंपर्क अभियान के तहत आयोजित संयुक्त मोर्चा सम्मेलन में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुये कहा कि लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर पार्टी पूरी तरह एक्टिव मूड में आ चुकी है। उन्होंने सम्मेलन में मोर्चा पदाधिकारियों को चुनावी राणनीति भी समझाई। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता लोस चुनाव की तैयारियों में जुट जाएं मंगलवार को धनोल्टी विधानसभा के कंडीसौड़ में आयोजित भाजपा के संयुक्त मोर्चा सम्मेलन का प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने शुभारंभ किया। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार के सफल नौ साल कार्यकाल के उपलक्ष में पार्टी की ओर से चलाये जा रहे महाजनसंपर्क अभियान जोरों पर है। कहा कि महाजनसंपर्क अभियान में केंद्रीय मंत्रियों से लेकर राज्यों के सीएम, मंत्री, विधायक, दायित्वधारी, पदाधिकारी सरकार की उपलब्धियों के साथ संगठन की रीति-नीति को जन-जन तक पहुंचा रहे हैं। साथ ही पार्टी के विभिन्न अंग जिसमें भाजयुमो, महिला, किसान, ओबीसी, एससी-एसटी मोर्चा मिलकर 2024 में पार्टी को उत्तराखंड की सभी पांचों सीटें जिताने का संकल्प ले चुके हैं, इसके लिए हर स्तर पर तैयारियां की जा रही है। धनोल्टी विधायक प्रीतम पंवार ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार की कल्याकारी योजनाओं के बल पर पार्टी 2024 के चुनाव को फतह करेगी।

मुख्यमंत्री धामी ने किया राजकीय दून मेडिकल कॉलेज चिकित्सालय का औचक निरीक्षण

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को देहरादून स्थित राजकीय दून मेडिकल कॉलेज चिकित्सालय का औचक निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री धामी ने चिकित्सालय परिसर में फैली गंदगी पर नाराजगी जाहिर करते हुए अधिकारियों को अस्पताल परिसर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाए रखने के निर्देश दिए।मुख्यमंत्री ने अस्पताल में आए मरीजों का हालचाल जान, व्यवस्थाओं से संबंधित जानकारी ली। उन्होंने मरीजों के तीमारदारों से बातचीत कर अस्पताल में मौजूद संसाधनों, डॉक्टरों की उपलब्धता, दवाइयों की उपलब्धता, एवं खाने–पीने की व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी ली। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अस्पताल में मौजूद मरीजों के लिए बन रहे खाने को स्वयं जाकर देखा। उन्होंने कहा मरीजों को मिलने वाले भोजन में किसी तरह की कोई कमी नहीं होनी चाहिए। सभी तरह के पोषक तत्व भोजन में पाए जाए, इसका भी विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने रजिस्ट्रेशन डेस्क में जाकर प्रतिदिन आने वाले मरीजों की संख्या के बारे में जाना।

अंडरपास को लेकर व्यापारियों ने किया प्रदर्शन

हरिद्वार। सर्वानंद घाट के पास अंडरपास की हालत को लेकर व्यापारियों ने प्रदर्शन कर लोनिवि और एनएचएआई के खिलाफ नारेबाजी की। व्यापारियों ने कहा कि उत्तरी हरिद्वार के सर्वानंद घाट और भीमगोड़ा दोनों अंडरपास की हालत बद से बत्तर हो गई है। जल्द व्यवस्था नहीं सुधरी तो लोक निर्माण विभाग दफ्तर के बाहर धरना दिया जाएगा।

मंगलवार को अंडरपास के पास प्रदर्शन करते हुए महानगर व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष सुनील सेठी ने कहा कि बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है कि उत्तरी हरिद्वार में दो अंडरपास जो कि हाईवे पर दुर्घटना रोकने और लंबे कट की दूरी कम करने के लिए बने हुए हैं, आज उनकी स्थिति इतनी खराब है कि वहां से निकलना मुश्किल हो रहा है। गंगा किनारे कोई रेलिंग नहीं है। हाईवे निर्माण के बाद उनका जीणोद्धार होना था। लेकिन दोनों अंडर पास आज दुर्घटनाओं को दावत दे रहे हैं। स्थानीय निवासी विपिन शर्मा, राजकुमार अग्रवाल, सोहन लाल ने बताया कि रोजाना यहां से सैकड़ों स्थानीय लोग सर्वानंद घाट अंडरपास से हरिपुर, भूपतवाला से आने जाने के लिए इसका उपयोग करते हैं लेकिन यहां से निकलना अब दुर्घटना को दावत देना हो गया है।

क्षेत्रीय मीडिया कार्यशाला वार्तालाप का आयोजन

क्षेत्रीय मीडिया कार्यशाला
विषय - 'सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के 9 स
2023 समय : 11 बजे पूर्वाह्न
(देहरादून)

विकासनगर। भारत सरकार के सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के देहरादून स्थित पत्र सूचना कार्यालय (पीआईबी) के तत्वाधान में खण्ड विकास कार्यालय, विकासनगर, में क्षेत्रीय मीडिया कार्यशाला वार्तालाप का आयोजन किया गया। जिसका विषय सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के 9 साल रखा गया थो कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक मुन्ना सिंह चौहान ने दीप प्रज्वलित कर किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुन्ना सिंह चौहान ने मीडिया को सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने जन केंद्रित शासन की दिशा में एक बदलाव देखा है. उन्होंने कहा कि सरकार के 9 साल प्रधानमंत्री के परफॉर्म, रिफार्म और ट्रांसफॉर्म के मंत्र पर आधारित रहे हैं. उन्होंने कहा कि वर्तमान में सरकार की ऐसी तमाम योजनाएं हैं जिनसे ग्रामीण और सुदूरवर्ती क्षेत्र में रहने वाले लोग लाभान्वित हो रहे हैं. उन्होंने कहा कि डिजिटल भुगतान में हम दुनिया में सबसे आगे हैं एवं वर्ष 2027 तक भारत को टॉप इकोनामी बनाने की सरकार की प्रतिबद्धता को दोहराया. उन्होंने कहा कि बहुत ही जल्द भारत विकसित देशों में शामिल होगा. कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि पद्मश्री प्रेमचन्द्र शर्मा ने जैविक खेती से जुड़े अनुभव साझा करते हुए इसके लाभ बताये. उन्होंने कहा कि सभी को अपने घर और आस–पास किचन गार्डन अवश्य बनाना चाहिए. कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अपर महानिदेशक, पी.आई.बी., देहरादून के विजय कुमार ने कहा कि केंद्र सरकार का मुख्य उद्देश्य ह्यजन उपयोगी योजनाओं की जानकारी आमजन तक पहुंचाना है. जिसके लिए मीडिया एक सशक्त माध्यम है। उन्होंने कहा कि भारत सरकार की योजनाओं को पीआईबी द्वारा दूर दराज के ग्रामीणों तक मीडिया के माध्यम से पहुंचाया जा रहा है, जो सराहनीय प्रयास है। उन्होंने कहा कि सीमांत जिले के सुदरवर्ती गांव तक व्यापक प्रचार–प्रसार होने से सरकार की योजनाओं की जानकारी आमजन तक पहुंचेगी। उन्होंने पत्रकारों से अच्छी और प्रेरक खबरों के अधिक से अधिक प्रचार प्रसार की अपील की।

नगर निगम के जनरेटर पर लगी आग, हादसा टला

दमकल व नगर निगम कर्मियों ने आग पर पाया काबू

नगर निगम परिसर में जनरेटर में लगी आग पर काबू पाते दमकल कर्मी

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : नगर निगम परिसर में रखे जनरेटर पर मंगलवार दोपहर अचानक आग लग गई। परिसर में जिस स्थान पर जनरेटर रखा हुआ था, उससे कुछ दूरी पर ही एलआईयू कार्यालय व अन्य मकान थे। ऐसे में एक बड़ा हादसा होने से टल गया। वहीं, सूचना के बाद मौके पर पहुंची दमकल की टीम ने आग पर काबू पाया। लेकिन, तब तक जनरेटर पूरी तरह जल चुका था।

लाइट जाने के बाद निगम कार्यालय में विद्युत आपूर्ति के लिए लाखों रुपये का जनरेटर लगाया गया है। यह जनरेटल बिजली जाने पर स्वयं ही स्टार्ट हो जाता था। मंगलवार दोपहर करीब तीन बजे जब बिजली गई तो जनरेटर स्टार्ट नहीं हुआ। ऐसे में निगम कर्मियों ने सोचा कि शायद जनरेटर में डीजल समाप्त हो गया है। कुछ देर बाद एक अभिसूचना इकाई कर्मी नगर निगम कार्यालय में पहुंचा और जनरेटर में आग लगने की बात कही। सूचना मिलते ही निगम कर्मियों ने नगर निगम में लगे विद्युत उपकरण उठाए और आग बुझाने के लिए दौड़ पड़े। देखते-देखते ही जनरेटर धूं-धूं कर पूरी तरह जल उठा। करीब आधे घंटे बाद पहुंची दमकल की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। जनरेटर को नगर निगम ने खुले स्थान पर रखा हुआ था। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि हो सकता है पिछले कई दिनों से पड़ रही भीषण धूप के कारण जनरेटर में आग लगने की घटना हुई हो। जनरेटर जलने के बाद मौके पर लोगों की भारी भीड़ भी उमड़ी हुई थी। वहीं, कुछ लोग जनरेटर की देखरेख को लेकर नगर निगम की कार्यप्रणाली पर भी सवाल खड़े कर रहे थे।

संगठन की मजबूती का लिया संकल्प

बैठक में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते वक्ता

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित मोर्चा की ओर से संगठन की मजबूती के लिए कार्य करने का संकल्प लिया गया। इस दौरान वक्ताओं ने कार्यकर्ताओं को केंद्र सरकार की योजनाओं से भी अवगत करवाया।

भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय में बैठक का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भाजपा अनुसूचित मोर्चा जिलाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह आर्य ने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार समाज के सभी तबकों को साथ लेकर विकास कार्य चला रही है, जिसका समाज के अंतिम व्यक्ति तक लाभ पहुंच रहा है। इसलिए आगामी चुनावों में हमें फिर से पार्टी को विजयी बनाने के लिए कार्य करना होगा। मुख्य वक्ता पूर्व जिला महामंत्री विजय लखेड़ा ने कहा कि हमें पार्टी को मजबूत बनाने के लिए अधिक से अधिक लोगों को पार्टी से जोड़ना होगा। इससे पूर्व मोर्चा द्वारा ध्रुवपुर में सुखरौ मण्डल का लाभार्थी मेला आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष वीरेन्द्र सिंह रावत, भाजयुमो जिलाध्यक्ष शांतनु रावत, मंडल अध्यक्ष सुखरौ हरि सिंह पुंडीर, नगर अध्यक्ष पंकज भाटिया और भाजपा अनुसूचित मोर्चा नगर मंडल भूपेन्द्र सिंह सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

सौड़ गांव में शराब की दुकान खोले जाने का किया विरोध

जयन्त प्रतिनिधि।

पौड़ी : सौड़ गांव के ग्रामीणों ने शराब की दुकान खोले जाने का विरोध किया। ग्रामीणों ने शराब की दुकान खुलने पर आंदोलन की चेतावनी दी है। कहा कि क्षेत्र में किसी भी हाल में शराब की दुकान नहीं खुलने दी जाएगी।

उन्होंने जिला प्रशासन से सौड़ गांव में शराब की दुकान न खोलने की मांग की।

मंगलवार को जनपद पौड़ी के देवप्रयाग क्षेत्र के सौड़ गांव के ग्रामीणों ने जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान से मुलाकात कर एक ज्ञापन सौंपा।

इस दौरान यूकेड़ी के युवा प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष अर्जुन नेगी कहा कि देवप्रयाग के सौड़ गांव में शराब की दुकान खोली जा रही है। जिसका ग्रामीण पुरजोर विरोध करते हैं। कहा कि किसी भी हालत में यहां शराब की दुकान न खोली जाए।

उन्होंने बताया कि गांव में सूर्य मंदिर के साथ अलकनंदा-भागरथी नदी का भी संगम है। जहां से पवित्र गंगा नदी का उदगम होता है। लिहाजा धार्मिक महत्व से भी यहां पर शराब की दुकान खोलना सरासर गलत है। इसके अलावा उन्होंने ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल परियोजना के तहत भूमि प्रभावितों को शीघ्र मुआवजा दिलाने की मांग भी उठाई है। ज्ञापन देने वालों में गुलाब सिंह नेगी, सूरज, नीरज, नरेंद्र सिंह नेगी, आशा देवी, रोशनी देवी आदि शामिल रहे।

केंद्र व प्रदेश सरकार कर रही विकास, जन-जन तक पहुंचाएं योजनाएं : तीरथ

भाजपा जिला संगठन के लाभार्थी सम्मेलन में बोले गढ़वाल सांसद

साल, सुशासन और गरीब कल्याण
9 साल
लाभार्थी सम्मेलन
भाजपा जिला संगठन के कार्यक्रम को संबोधित करते तीरथ सिंह रावत

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वारः पूर्व मुख्यमंत्री व सांसद तीरथ सिंह रावत ने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार जन हित में कई कल्याणकारी योजनाएं चला रही है। कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों को योजनाओं को अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने का प्रयास करना चाहिए।

कोटद्वार में भाजपा जिला संगठन की ओर से लाभार्थी सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में मुख्य अतिथि गढ़वाल सांसद व पूर्व मुख्यमंत्री तीरथ सिंह रावत ने केंद्र की मोदी सरकार के 9 वर्षों में किए गए कार्यों का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार के नेतृत्व में प्रदेश प्रगति की राह पर है। प्रधानमंत्री देश को विश्वगुरु का दर्जा दिलाने के लिए संकल्पित हैं। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड देश में पहला राज्य है, जहां आयुष्मान योजना की सुविधा हर परिवार को मिली है। केंद्र सरकार की ओर से समाज के हर तबके को ध्यान में रखकर विकास योजनाएं तैयार की जा रही हैं ताकि योजनाओं को लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति को भी मिले। उन्होंने कार्यकर्ता का आह्वान किया कि आगामी चुनावों को देखते हुए वे एकजुट होकर कार्य करते हुए पार्टी से अधिक से अधिक लोगों को जोड़े। इस मौके पर कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष वीरेन्द्र सिंह रावत, नगर अध्यक्ष पंकज भाटिया, संग्राम सिंह भंडारी, राकेश मित्तल, शांतनु रावत, हरि सिंह पुंडीर, मनोज पांथरी, उमेश त्रिपाठी, गोपाल काला, ओम प्रकाश बलूनी, संजय रावत, दर्शन सिंह बिष्ट, मोहन सिंह नेगी, गजेन्द्र मोहन धस्माना, गौरव मिश्रा और गजेन्द्र रावत सहित बड़ी संख्या में लाभार्थी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

निवेशकों ने सांसद से लगाई गुहार, रकम वापस दिलवाने की मांग

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : ठगी पीड़ित जमाकर्ता परिवार ने गढ़वाल सांसद तीरथ सिंह रावत से उनकी ठगी की रकम को वापस दिलाने की मांग की है। कहा कि पूर्व में कई बार समस्या को उठाने के बाद भी उनकी रकम वापस नहीं दिलवाई जा रही है।

ठगी पीड़ित निवेशकों की ओर से गढ़वाल सांसद को प्रेषित पत्र में कहा गया है कि भारत सरकार द्वारा बनाया गया अनियमित जमा योजनाएं पाबंदी अधिनियम 2019 उनके भुगतान की गारंटी का अधिकार प्रदान करता है, लेकिन इस कार्य के लिए नियुक्त अधिकारियों द्वारा इस कानून की लगातार अवहेलना की जा रही है। कानून बनने के चार वर्ष बाद भी उन्हें भुगतान की व्यवस्था नहीं की गई है। जो कानून संसद लोकतंत्र और न्याय का अपमान है। कहा कि जिस कंपनी में उन्होंने निवेश किया वह गैरकानूनी रूप से वित्तीय कारोबार कर रही थी। इसलिए राज्य के निवेक्षकों के हति संरक्षण अधिनियम इनामी चिट एवं मनी सर्कुलेशन बैंनिंग एक्ट 1978 और बैनिंग आफ अनरेगुलेटिड डिपाजिट स्कीम्स एक्ट 2019 के तहत केंद्र, राज्य ने इन समस्त ठग कंपनियों के कारोबार पर प्रतिबंध लगा दिया और इनकी चल-अचल संपत्तियों को अपने कब्जे में लेकर इनके विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की है। कोटद्वार में सैकड़ों लोगों की रमक डूबी हुई है। ज्ञापन में गढ़वाल सांसद से ठगी पीड़ितों की आवाज को संसद में उठाने और सक्षम अधिकारी से उनका भुगतान कराने की मांग की गई है। ज्ञापन प्रेषित करने वालों में ठगी पीड़ित जमाकर्ता परिवार के उत्तराखंड संयोजक सुखदेव शास्त्री, अनीता घिल्डियाल, लक्ष्मी बिष्ट, रीना आर्य, दीपा बिष्ट, अनामिका रावत, गजे सिंह रावत और सत्यवती देवी आदि थे।

नफरत की राजनीति पर रोक लगाने की मांग की

पौड़ी : भीड़ की हिंसा व नफरत की राजनीति के विरोध में विभिन्न संगठन लोगों ने धरना दिया। उन्होंने राज्यपाल को ज्ञापन भेजकर घटनाओं पर अंकुश लगाने की मांग की है। सीपीएम के पौड़ी शाखा सचिव सुरेंद्र रावत ने कहा कि लोकसभा चुनाव के देखते हुए भीड़ की हिंसा व नफरत की राजनीति के मामले सामने आ रहे हैं। ऐसी घटनाओं पर रोक लगनी चाहिए। इस तरह की घटनाओं से आमजन में असुरक्षा माहौल बन रहा है। मंगलवार को मुख्यालय पौड़ी के हेमवंती नंदन बहुगुणा मूर्ति स्थल पर भारत की कम्यूनिस्ट पाटी, उत्तराखंड परिवर्तन पार्टी, किसान सभा व विभिन्न संगठनों ने एक दिवसीय सांकेतिक धरना दिया। इस मौके पर नरेश नौडियाल, देवानंद नौटियाल, टीका प्रसाद, हरीश नेगी, अनिता रावत आदि शामिल रहे।

संगठनों ने उठाई गढ़वाल एक्सप्रेस के संचालन की मांग

नागरिक मंच सहित अन्य संगठनों ने दिया गढ़वाल सांसद को ज्ञापन

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : कोटद्वार से गढ़वाल एक्सप्रेस संचालन सहित विभिन्न समस्याओं को लेकर नागरिक मंच व अन्य संगठनों ने गढ़वाल सांसद तीरथ सिंह रावत को ज्ञापन दिया। कहा कि समस्याओं का निराकरण नहीं होने से लोगों में रोष बना हुआ है। समस्याओं को लेकर पूर्व में कई बार स्थानीय निवासी आंदोलन भी कर चुके हैं।

गढ़वाल सांसद तीरथ सिंह रावत के कोटद्वार आगमन पर क्षेत्र के सामाजिक संगठनों नागरिक मंच, व्यापार संघ व मालिनी गौरव सेनानी समिति सहित अन्य संगठनों ने उन्हें ज्ञापन दिया। ज्ञापन में कहा गया है कि कोटद्वार गढ़वाल के प्रवेश द्वार के नाम से जाना जाता है, लेकिन यहां पर समस्याएं बहुत अधिक हैं जिनका निस्तारण की आवश्यक है। कहा कि कोटद्वार स्थित कण्वाश्रम भारत नामदेय चक्रवर्ती सम्राट भरत की जन्मस्थली है। प्रधानमंत्री की ओर से कण्वाश्रम को वर्ष 2019 में आइकान घोषित किया गया था, जिसकी योजना जिला व शासन स्तर पर तैयार की गई थी, लेकिन अभी तक धरातल पर नहीं उतर पाई है। पूर्व में संचालित गढ़वाल एक्सप्रेस के स्थान पर 2021 से सिद्धबली एक्सप्रेस चलाई जा रही है, जो क्षेत्रीय लोगों के लिए लाभकारी सिद्ध नहीं हो रही है। इस सैन्य बहुल क्षेत्र के लिए रेल सेवाओं का विस्तार आवश्यक है। ज्ञापन में गढ़वाल सांसद से इस संबध में उचित कार्रवाई करने की अपील की गई है। ज्ञापन सौंपने वालों में सी पी नैथानी, अतुल भट्ट, लाजपत राय भाटिया और नवल किशोर आदि थे।

निबंध प्रतियोगिता में प्रिया बिष्ट ने मारी बाजी

पेंटिंग प्रतियोगिता में बच्चे प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए।

जयन्त प्रतिनिधि।

पौड़ी : मंगलवार को पुलिस विभाग की ओर से सेंट थॉमस कॉन्वेंट स्कूल पौड़ी में जूनियर व सीनियर वर्ग के छात्र-छात्राओं के मध्य निबंध एवं पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस मौके पर पोस्टर, निबन्ध प्रतियोगिता में जूनियर व सीनियर वर्ग में प्रथम, द्वितीय एंव तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया। साथ ही छात्र-छात्राओं को नशे का सेवन न करने, नशा मुक्त भारत बनाये जाने की शपथ दिलाई।

प्रभारी निरीक्षक कोतवाली पौड़ी गोविन्द कुमार के नेतृत्व में आयोजित पेंटिंग प्रतियोगिता के जूनियर वर्ग कक्षा 6 में अभिश्री नेगी, दिविता, अवनी नेगी, जूनियर वर्ग कक्षा 7 में हर्षिल बलोदी, अर्नवी, यशस्वीनी धस्माना, जूनियर वर्ग कक्षा 8 में शौर्य चौहान, शौर्य असवाल, टिया ज्वैलकर ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। निबंध प्रतियोगिता सीनियर वर्ग में प्रिया बिष्ट, अनुप्रिया खरकवाल, काव्या चौहान क्रमशः पहले, दूसरे और तीसरे स्थान पर रही। इस अवसर पर प्रभारी निरीक्षक कोतवाली पौड़ी गोविन्द कुमार ने समाज के बेहतर निर्माण के लिये बच्चों से अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने की अपील की। वरिष्ठ उपनिरीक्षक महेश रावत ने कार्यक्रम में उपस्थित बच्चों, शिक्षकों एवं कर्मचारियों को बाल अपराध, महिला सुरक्षा, चाइल्ड हेल्प लाइन, बाल भिक्षा वृत्ति, साइबर क्राइम, उत्तराखण्ड पुलिस एप, डॉयल-112, साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम में कांस्टेबल अनिल बिज्लवाण सहित स्कूल के शिक्षक, कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

रैली निकालकर योग से स्वस्थ रहने का दिया संदेश

महर्षि कण्व योग समिति की ओर से निकाली गई जागरूकता रैली

21 जून
अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस
महर्षि कण्व योग समिति, कण्व नगरी-कोटद्वार
सम्पर्क : 9675633412, 9012811745
कोटद्वार में योग जागरूकता रैली निकालते समिति के सदस्य व अन्य

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस से पूर्व महर्षि कण्व योग समिति ने रैली निकालकर लोगों को योग से स्वस्थ रहने का संदेश दिया। कहा कि स्वस्थ शरीर के लिए हमें योग को जीवन में अपनाना चाहिए ।

समिति की ओर से गढ़वाल टंकी से आर्य समाज मंदिर, घराट, बेलाडाट, प्राइमरी स्कूल लालपुर सहित अन्य स्थानों पर जागरूकता रैली निकाली गई। योग शिक्षकों ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को सूर्योदय से पूर्व उठकर योगाभ्यास करना चाहिए। योग से हम स्वयं को स्वस्थ रख सकते हैं। समिति के सदस्यों ने बताया कि 21 जून को एक वैडिंग प्वाइंट में सुबह चार बजकर 45 मिनट से योग कक्षाएं प्रारंभ की जाएगी। इस मौके पर दिनेश चंद्र ध्यानी, देवेंद्र ध्यानी, अजय कंडवाल, भूपेंद्र नेगी, संगीता नैथानी, गीता असवाल, रंजू बलोदी, यशोदा रावत, सरोज गौड़, शांति ध्यानी आदि मौजूद रहे।

दो दिवसीय शिविर में 726 मरीजों ने कराई जांच

सतपुली : हंस हंस फाउंडेशन जिले की स्वास्थ्य व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने में जुटा हुआ है। द हंस फाउंडेशन जनरल अस्पताल चमोलीसैंण सतपुली में दो दिवसीय जनरल सर्जरी शिविर में पहले दिन 351 व दूसरे दिन 375 कुल 726 मरीजों ने स्वास्थ्य लाभ लिया।

अस्पताल की डिप्टी मैनेजर प्रीति बिष्ट ने बताया कि दो दिवसीय शिविर में जनरल सर्जन डा. अरुणेश दुबे व डा. मयंक सिंह द्धारा हर्निया, पाइल्स, पथरी, स्तन कैंसर, शरीर में गांठ, एवं पेट से संबंधित जुड़ी बीमारियो के कुल 726 मरीजों का परीक्षण किया। दोनों दिन कुल 185 मरीजों को ऑपरेशन के लिए चिन्हित किया गया।

चोरी की स्कूटी बरामद, दो गिरफ्तार

कोटद्वार : नगर निगम क्षेत्र के अंतर्गत सिम्मलचौड़ से चोरी हुई स्कूटी के साथ पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पकड़ा गया एक आरोपी नाबालिग है।

सिम्मलचौड़ आरटीओ रोड निवासी धर्मपाल सिंह चौहान की ओर से दो दिन पूर्व कोतवाली में तहरीर दी गई थी। जिसमें उन्होंने बताया कि 9 जून की रात को उनके घर के बाहर खड़ी उनकी काले रंग की एक्टिवा चोरी हो गई थी। आसपास पूछताछ करने के बाद भी स्कूटी का कुछ पता नहीं चल पाया। वरिष्ठ पुलिस उपनिरीक्षक जगमोहन रमोला ने बताया कि मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी थी। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पौड़ी श्वेता चौबे द्वारा उक्त घटना को गम्भीरता से लेते हुए अभियुक्त की शीघ्र गिरफ्तारी के लिए टीम गठित हेतु निर्देशित किया गया। इस पर अपर पुलिस अधीक्षक शेखर चन्द्र सुयाल के निर्देशन, पुलिस उपाधीक्षक विभव सैनी के पर्यवेक्षण एवं प्रभारी निरीक्षक मणिभूषण श्रीवास्तव के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने सुखरो पुल के समीप दबिश देते हुए चोरी में शामिल अभियुक्त अरूण सिंह, पुत्र महेंद्र सिंह, 25 वर्ष, निवासी सिद्धबाबा कालोनी, खूनीबड़ को व एक 16 वर्षीय नाबालिग किशोर को स्कूटी के साथ गिरफ्तार किया। अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष पेश कर वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

रैली निकालकर नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया

अल्मोड़ा : जनपद के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रामचन्द्र राजगुरु के नेतृत्व में अल्मोड़ा पुलिस मुख्यमंत्री के संकल्प ड्रग्स फ्री देवभूमि मिशन 2025 को सफल बनाने के लिए पूर्ण रुप से प्रतिबद्ध है। एसएसपी के निर्देशन में जनपद पुलिस द्वारा चलाए जा रहे नशा मुक्त भारत पखवाड़ा के तहत ड्रग्स जागरुकता हेतु लगातार विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं।

इसी क्रम में मंगलवार को क्षेत्राधिकारी रानीखेत तिलक राम वर्मा के नेतृत्व में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली रानीखेत हेमचन्द्र पंत व कोतवाली रानीखेत के पुलिस बल, फायर युनिट रानीखेत व डायल 112 टीम द्वारा नशा मुक्त भारत पखवाड़ा के तहत रानीखेत नगर में जनजागरुकता रैली का आयोजन किया गया। पुलिस द्वारा रैली में पोस्टर, बैनर व वाहनों के लाउड हेलर से जनमानस को नशे के दुष्प्रभावों के सम्बन्ध में जागरुक कर जीवन में नशे से दूर रहने हेतु प्रेरित किया गया तथा अपील की गई कि इस मिशन को सफल बनाने में अल्मोड़ा पुलिस को सहयोग करें। (एजेंसी)

गुरिल्लों ने महारैली की तैयारियों पर की चर्चा

चम्पावत : तीन सूत्रीय मांगों को लेकर एसएसबी के प्रशिक्षित गुरिल्लों ने बैठक की। इस दौरान अल्मोड़ा में होने वाली महारैली की तैयारियों पर चर्चा करके आंदोलन की रणनीति बनाई। गुरिल्ला संगठन के जिलाध्यक्ष ललित बगौली की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में गुरिल्लों ने 23 जून को अल्मोड़ा में होने वाली महारैली में भाग लेने के लिए रणनीति बनाई। जिलाध्यक्ष ने 45 साल तक के गुरिल्लों को सरकारी नौकरी की मांग, उम्र पार कर चुके गुरिल्लों को पेंशन या एक मुश्त धनराशि, मृत गुरिल्लों के आश्रितों को आर्थिक सहायता देने की मांग रखी। बताया कि अल्मोड़ा से ही गुरिल्ला जनजागरण रथ यात्रा प्रारंभ होगी जो चितई गोलज्यू मंदिर में पूजा-अर्चना के बाद धौलाछीना, दन्या होते हुए गंगोलीहाट, डीडीहाट, बागेश्वर को जायेगी। बगौली ने चम्पावत जिले के गुरिल्लों से अधिक से अधिक संख्या में अल्मोड़ा पहुंचने की अपील की।

चरस तस्करी के दो आरोपियों को कारावास और अर्थदंड से दंडित किया

अल्मोड़ा : चरस तस्करी के एक मामले में विशेष सत्र न्यायाधीश कौशल किशोर शुक्ला ने दो अभियुक्तों को कारावास व पंद्रह हजार रूपये के अर्थदण्ड से दंडित किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मामले में जिला शासकीय अधिवक्ता (फौजदारी) पूरन सिंह कैड़ा के द्वारा न्यायालय को बताया गया कि 20 फरवरी 2020 को उपनिरीक्षक श्याम सिंह बोरा, उपनिरीक्षक मोहन सिंह सौन पुलिस सह कर्मियों के साथ संयुक्त रूप से चैकिंग कर रहे थे। चैकिंग के दौरान कच्चे पैदल मार्ग पर दो व्यक्ति पुलिस कर्मियों को देखकर पीछे मुड़कर वापस भागने लगे जिनको शक होने पर पुलिस कर्मियों के द्वारा पकड़ लिया गया। पूछताछ में दोनों दोनों व्यक्तियों ने बताया कि उन दोनों के पास चरस है जिसे वे बेचने के लिए लमगड़ा ले जा रहे थे। तलाशी में अभियुक्त नारायण लाल से 800 ग्राम तथा अभियुक्त खजान चन्द्र से 606 ग्राम चरस बरामद हुई। जिसे मौके पर शील सर्व मोहर कर अभियुक्तगणों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। मामले की विवेचना पूर्ण होने पर आरोप पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। मामले का विचारण विशेष सत्र न्यायाधीश, अल्मोड़ा के न्यायालय में चला। मामले में अभियोजन की ओर से छह गवाहों को न्यायालय में परीक्षित कराया गया। अभियोजन की ओर से जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी पूरन सिंह कैड़ा एवं सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी शेखर चन्द्र नैल्वाल द्वारा न्यायालय को बताया कि अभियुक्त नारायण लाल से 800 ग्राम अवैध चरस व अभियुक्त खजान चन्द्र से बरामद 606 ग्राम अवैध चरस बरामद हुआ है और अभियुक्तगणों द्वारा अवैध रूप से चरस का कारोबार किया जा रहा है। अभियोजन की तरफ से दस्तावेजी साक्ष्य भी न्यायालय में प्रस्तुत किए गए। विशेष सत्र न्यायाधीश, अल्मोड़ा ने दस्तावेजी साक्ष्यों एवं पत्रावली का परीशीलन कर अभियुक्त नारायण लाल पुत्र हरी राम निवासी मज्यूली, तहसील धारी, जिला नैनीताल को धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के तहत 2 साल 6 माह का कारावास व पन्द्रह हजार रुपये के अर्थदण्ड से दंडित किया गया एवं अभियुक्त खजान चन्द्र पुत्र तारा चन्द्र मेलकानी निवासी सेलालेख, तहसील धारी, जिला नैनीताल को धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के तहत 3 साल का कारावास व पन्द्रह हजार रुपये के अर्थदण्ड से दंडित किया गया। (एजेंसी)

विद्यालयों के आसपास तंबाकू उत्पाद बेचने वालों की खैर नहीं

बागेश्वर : जिलाधिकारी अनुराधा पाल ने विद्यालयों के आसपास किसी भी प्रकार की नशीली वस्तु की बिक्री नहीं करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि यदि विद्यालयों के समीप किसी प्रकार के तंबाकू उत्पाद बेचते हुए पाया गया तो उस पर कड़ी कार्रवाई होगी। उपजिलाधिकारी व पुलिस विभाग नियमित रूप से निरीक्षण करें। साथ ही शिक्षा विभाग इस पर पैनी नजर रखे और सूचना प्रशासन को दें। साथ ही जिले में भांग, अफीम जैसी अवैध खेती को रोकने के लिए ठोस उपाय करें। जिला कार्यालय में मंगलवार को एनकार्ड की जिला स्तरीय समिति की बैठक हुई। डीएम ने नशा मुक्ति को चलाए जा रहे अभियानों व कार्यक्रमों की समीक्षा की। कहा कि विद्यालयों में समय–समय पर बच्चों के साथ–साथ अभिभावकों के साथ भी नशा मुक्ति को लेकर बैठकें की जाएं। उन्होंने नशा मुक्ति अभियानों में तेजी लाने के निर्देश दिए। विद्यालयों के आसपास कोई भी नशीली वस्तु की बिक्री नहीं हो इसका खास ध्यान रखें। विद्यालयों व डिग्री कॉलेजों के आसपास धूम्रपान व गुटखा बेचने वालों व नाबालिकों को गुटखा, धम्रूपान व अन्य मादक पदार्थ विक्रय करने वालों पर कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। नशे से होने वाले नुकसान संबंधी पोस्टर विद्यालयों, कॉलेजों एवं सार्वजनिक स्थालों पर लगाने को कहा। उन्होंने जनपद में नशे पर प्रतिबंध लगाने के लिए जागरूकता के साथ ही छोपमारी करने के निर्देश संबंधित विभागों को दिए। राजस्व, पुलिस, शिक्षा व स्वास्थ विभाग की गठित संयुक्त कमेटी को सक्रियता से कार्य करने के निर्देश दिए। ड्रग्स निरीक्षक के माध्यम से मेडिकल स्टोरों में निरंतर छापेमारी करने के साथ ही दुकानों में अनिवार्य रूप से सीसीटीवी लगवाने और प्रतिबंधित दवाओं पर रोक लगाने के निर्देश दिए। बैठक में उपजिलाधिकारी हरगिरि, राजकुमार पांडे, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. डीपी जोशी, मुख्य शिक्षा अधिकारी जीएस सौन मौजूद रहे।

वारंटी चंपावत से गिरफ्तार

पिथौरागढ़ : जनपद में न्यायालय से गैर जमानतीय वारंटियों की गिरफ्तारी को लेकर पुलिस का अभियान जारी है। एनआई एक्ट के एक वारंटी को पुलिस ने चंपावत से पकड़ा है। एसपी लोकश्वर सिंह के निर्देशन में घाट चौकी प्रभारी सुरेश कंबोज ने वारंटी मदन सिंह अधिकारी को पंचेश्वर क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया।

थानाध्यक्ष ने लंपी वायरस से ग्रसित गौवंश का कराया टीकाकरण

अल्मोड़ा : थानाध्यक्ष भतरौजखान मदन मोहन जोशी को थाना क्षेत्र में लंपी वायरस से ग्रसित गौवंश दिखाई दिए जो इस बीमारी से काफी परेशान थे। थानाध्यक्ष भतरौजखान द्वारा मानवता का परिचय देते हुए लंपी वायरस से ग्रसित गौवंश के टीकाकरण व उपचार हेतु पशुधन प्रसार अधिकारी भैरव पांडे के सहयोग से लंपी वायरस से बचाव हेतु ग्रसित सभी गौवंश का टीकाकरण कराकर आवश्यक उपचार दिलाया गया। इसके उपरांत लोगों को पशुओं में फैली इस गंभीर बीमारी के लक्षणों की जानकारी देकर जागरुक करते हुए बताया कि अगर आपके पशुओं में लंपी वायरस के लक्षण दिखाई देते हैं तो तत्काल निकटतम पशु चिकित्सालय में सूचना दें। (एजेंसी)

श्रमिकों का फूटा गुस्सा, सिडकुल चौकी में किया प्रदर्शन

रुद्रपुर : सिडकुल की एक कंपनी के ठेकेदार का श्रमिक बीते चार माह से मशीन ऑपरेटर के पद पर कार्यरत है। इस दौरान अमन राठौर ने कंपनी में कार्य के दौरान हाथ की अंगुलियां कट गई। कंपनी और ठेकेदार ने उचित देखभाल नहीं करने पर श्रमिकों का गुस्सा फूट गया और प्रंबधन और ठेकेदार के खिलाफ चौकी में प्रदर्शन किया और तहरीर सौपकर कार्रवाई की मांग की।

मंगलवार को ट्रांजिट कैंप आजाद नगर निवासी अमन राठौर पुत्र गंगाराम राठौर ने पुलिस को सौपी तहरीर में बताया कि 31 मई को कंपनी में कार्य के दौरान मशीन डायरेक्ट होने की सूचना सुपरवाईजर को दी। कंपनी के सुपरवाईजर ने कहा कि कुछ नहीं होगा मशीन चलाओ, उसके दबाब में आकर मैंने मशीन पर कार्य करना शुरू कर दिया। जिससे श्रमिक की 10:30 बजे दायें हाथ की दो अंगुली प्रेस मशीन में से कट गई। उसके बाद श्रमिक बेहोश होकर गिर गया। श्रमिक को होश आने पता चला कि हल्द्वानी बॉम्बे अस्पताल में इलाज के लिये भर्ती है। श्रमिक ने बताया कि कंपनी के सुपरवाईजर और स्वामी ने मुझे पूरा इलाज कराने एवं कंपनी में नौकरी पर लगाने का आश्वासन दिया। उन्होने बताया कि एक माह बीत जाने के बाद न इलाज कराया और न ही समय से वेतन और न ईएस-ाआई पीएफ से इलाज कराया गया। श्रमिक ने इसका विरोध किया तो कंपनी के प्रंबधन और कंपनी एचआर मैनेजर गाली गलौज करते हुए कंपनी के बाहर निकाल दिया। श्रमिको ने कंपनी प्रंबधन और एचआर एवं मैनेजर व ठेकेदार के तहरीर सौंप कर कार्रवाई की मांग की। सिडकुल चौकी प्रभारी ने श्रमिकों को कंपनी के खिलाफ जांच कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है। (एजेंसी)

विधायक शिव अरोर ने किया हॉटमिक्स सड़क का शिलान्यास

रुद्रपुर : विधायक शिव अरोरा ने कहा कि नगर में विकास कार्य चल रहे हैं और उसी क्रम में नीलकंठ मंदिर से सिविल लाइन तक की जर्जर सड़क का हॉटमिक्स से निर्माण होगा। वह सड़क के शिलान्यास कार्यक्रम में बोल रहे थे। विधायक ने कहा कि लगातार विधानसभा क्षेत्र में कार्य चल रहे है और इस सड़क निर्माण होने से हजारों स्कूली बच्चे और इंद्रा कॉलोनी आदर्श कॉलोनी जाने के लिये राहत मिलेगी। विधायक ने कहा कि क्षेत्र में कई बड़े बड़े मार्गो का निर्माण कार्य आरम्भ कर चुके हैं। हमारा प्रयास है कि क्षेत्र चारों ओर तेजी गति से विकास कार्यों हो और शहर की एक विकासरूपी तस्वीर निकल के सामने आए। उन्होंने कहा की वह बोलने में कम कार्य करने में ज्यादा विश्वास रखते हैं । इस दौरान मण्डल अध्यक्ष धीरेश गुप्ता , मनीष अग्रवाल, सोहन लाल मदान, विनीत अग्रवाल, बलविंदर सिंह, मनोज कुमार, पार्षद आयुष तनेजा, रणजीत सागर, अशोक अदलखा, यमन बब्बर, केतन गुगलानी, प्रदीप खुराना,जगदीश खुराना मोहित बब्बर, अनिल झा, सतीश अरोरा, राजेश कक्कड़, ,सुरेश बब्बर, प्रवेश बब्बर, रोनिक नारंग, कुल्ली, अशोक सिंघल, गौरव खुराना, वैभव अग्रवाल, अशोक कालड़ा, समीर, विकास कुकरेजा, प्रेम कुमार, रोहित मदान आदि लोग मौजूद रहे। (एजेंसी)

स्वच्छता को आदतों में शामिल करना आवश्यक

बागेश्वर : उच्च न्यायालय नैनीताल एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में मंगलवार को बैजनाथ मंदिर परिसर समेत बैजनाथ क्षेत्र में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस दौरान टीटबाजार, ब्लॉक ऑफिस मार्ग समेत नगर पंचायत के विभिन्न स्थानों पर सफाई की गई।

अभियान की शुरुआत करते हुए अध्यक्ष तहसील विधिक सेवा समिति एवं सिविल जज सुश्री जैनब ने कहा कि स्वच्छता को आदतों में शामिल करना आवश्यक है। स्वच्छता के प्रति हर किसी को जागरूक होना चाहिए। इस मौके पर उन्होंने उपस्थित जनमानस अधिकारियों, कर्मचारियों को नगर एवं नदियों को स्वच्छ बनाए रखने के लिए शपथ दिलाई।

98.15 लाख से पिंडारी रूट पर बनेंगे आधुनिक शौचालय

बागेश्वर : पिंडारी ग्लेशियर जाने वालों के लिए जल्द ही यात्रा अधिक सुगम होगी। खाती से पिंडारी जीरो प्वाइंट तक व्यू प्वाइंट, ट्रैक रूट और आधुनिक शौचालय बनाए जाएंगे। जिसके लिए शासन ने 98.15 लाख में से 40 लाख रुपये की धनराशि अवमुक्त कर दी है। जल्द निर्माण कार्य भी शुरू कर दिया जाएगा। कपकोट के विधायक सुरेश गढ़िया ने बताया कि विश्व प्रसिद्ध पिंडारी ग्लेशियर को सरकार ने बीते वर्ष ट्रैक आफ द ईयर घोषित किया था। पर्यटन निदेशालय ने ट्रैकिंग रूट की मरम्मत आदि के लिए जिला पर्यटन विभाग को निर्देश दिए थे। लोनिवि ने 98.15 लाख रुपये का प्रस्ताव तैयार किया था। इस पर उत्तराखंड शासन ने 40 लाख रुपये की धनराशि पर्यटन निदेशालय को भेज दी है। अवमुक्त धनराशि से क्षतिग्रस्त ट्रैकिंग रूट की मरम्मत हो सकेगी। इससे साहसिक पर्यटकों को लाभ मिल सकेगा। इस राशि से रास्ता, विश्राम, शौचालय आदि की व्यवस्था होगी। सुगम ट्रैकिंग का लाभ मिलने पर पर्यटन व्यवसाय बढ़ेगा। उन्होंने लोनिवि और पर्यटन विभाग से आपसी समन्वय बनाकर कार्य करने को कहा है। गर्मी और पतझड़ में पिंडारी जाने वाले यात्रियों की अच्छी भीड़ रहती है। कुमाऊं मंडल विकास निगम के अलावा अन्य लोगों के माध्मय से यात्री ग्लेशियर तक पहुंचते हैं। मार्ग पर पर लोनिवि, कुमंविनि के आवास ग्रहों के अलावा होम स्टे भी बने हैं। (एजेंसी)

मोदी सरकार के नौ सालों में जनता बेहाल

पिथौरागढ़ : कांग्रेस ने मोदी सरकार के नौ साल पूरे होने पर निशाना साधा है। कांग्रेस के लोकसभा प्रभारी और पूर्व प्रदेश प्रवक्ता भुवन पांडे का कहना है कि भाजपा सरकार के नौ सालों के कार्यकाल में जनता बेहाल है। महंगाई, बेरोजगारी से लोग जूझ रहे हैं। सीमांत जनपद में सरकार की उपलब्धियां शून्य रही हैं। वर्ष 1992 से हवाई सेवा का सपना देख रहे जिले के लोगों को सरकार ने धोखा देने का काम किया है। एयरपोर्ट बनने के बावजूद लोगों को विमान सेवा का इंतजार है।

हत्या कर शव आंगन में दबाने का मुख्य आरोपी गिरफ्तार

रुद्रपुर : मदनापुर गांव निवासी प्रेम सिंह खड़ायत हत्याकांड में शामिल मुख्य आरोपी हर्ष को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने हत्याकांड में इस्तेमाल हर्ष की बाइक को भी बरामद कर लिया है। मंगलवार की दोपहर बाद आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। मामले में एक आरोपी पहले ही गिरफ्तार हो चुका है जबकि साक्ष्य छिपाने के दो अन्य आरोपी अभी फरार हैं।गांव मदनापुर निवासी इंद्रा देवी पत्नी कुंदन सिंह खड़ायत ने बीते छह जून को थाने में तहरीर देकर 23 वर्षीय पुत्र प्रेम सिंह खड़ायत की गुमशुदगी दर्ज कराते हुए बेटे की हत्या की आशंका जताई थी। पुलिस ने प्रेम सिंह के दोस्त सूरजपुर गदरपुर निवासी जंग बहादुर पुत्र सम्पत राम को हिरासत मे लेकर पूछताछ की तो हत्याकांड का खुलासा हो गया। पुलिस ने जंग बहादुर की निशानदेही पर उसके घर के पास से एक खड्डे से प्रेम सिंह का शव बरामद किया था। बाद में उसे जेल भेज दिया गया था। हत्याकांड में शामिल मुख्य आरोपी हर्ष चौधरी व उसके पिता जितेंद्र चौधरी निवासी चक्कीमोड़ फरार चल रहे थे। थानाध्यक्ष अनिल कुमार उपाध्याय ने बताया मंगलवार को मुख्य आरोपी हर्ष को रामबाग क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया गया। जबकि उसका पिता जितेंद्र चौधरी व जंग बहादुर का भाई छोटू अभी फरार हैं। हर्ष चौधरी की निशानदेही पर पुलिस ने हत्या के बाद शव को ठिकाने लगाने के लिये गड्ढा खोदने मे प्रयुक्त फड़वा भी बरामद कर लिया है। हर्ष चौधरी ने पुलिस को बताया कि प्रेम सिंह उनका दोस्त था, दोनों साथ बैठकर शराब पीते थे। शराब पीने के बाद प्रेम सिंह उग्र हो जाता था और अक्सर उसकी पिटाई करता था। जिससे क्रोधित होकर उसने प्रेम को ठिकाने लगाने की ठान ली और जंगबहादुर के साथ मिलकर प्रेम की हत्या कर दी। (एजेंसी)

बिना सत्यापन किरायेदार रखने पर छः मकान मालिकों के काटे चालान

अल्मोड़ा : एसएसपी अल्मोड़ा, रामचन्द्र राजगुरु के निर्देशन में जनपद में आपराधिक गतिविधियों की रोकथाम हेतु समस्त थाना प्रभारियों द्वारा अपने–अपने थाना क्षेत्रान्तर्गत वृहद स्तर पर सत्यापन अभियान चलाकर लगातार बाहरी व्यक्तियों का सत्यापन किया जा रहा है तथा बिना सत्यापन किरायेदार/मजदूर रखने वाले मकान मालिकों व ठेकेदारों के विरुद्ध भी चालानी कार्यवाही की जा रही है। सत्यापन अभियान के क्रम में 18 जून व 19 जून को अल्मोड़ा पुलिस द्वारा सत्यापन अभियान चलाकर 45 व्यक्तियों का सत्यापन किया गया। इस दौरान बिना सत्यापन किरायेदार रखने पर कोतवाली अल्मोड़ा पुलिस द्वारा 02 मकान मालिकों के 10-10 हजार के कोर्ट चालान, रानीखेत पुलिस द्वारा 01 मकान मालिक का 10 हजार रुपये का कोर्ट चालान, सोमेश्वर पुलिस द्वारा 02 मकान मालिकों के 10-10 हजार के कोर्ट चालान व 01 मकान मालिक का 05 हजार रुपये का नगद चालान किया गया। सत्यापन अभियान के दौरान अल्मोड़ा पुलिस द्वारा लोगों को किरायेदार सत्यापन के प्रति जागरुक करते हुए अपने किरायेदारों का अनिवार्य रुप से पुलिस सत्यापन कराने अन्यथा विधिक कार्यवाही की हिदायत दी गयी। (एजेंसी)

ग्रामीणों व किसानों को दिए आत्मनिर्भर बनने के मंत्र

बागेश्वर : विभागीय योजनाओं को लेकर 100 से अधिक कृषकों और ग्रामीणों को सेवा सुशासन और गरीब कल्याण संगोष्ठी के तहत विभिन्न विभागीय योजनाओं की जानकारी दी गई। इस दौरान वक्ताओं ने लाभार्थियों से स्वरोजगार अपनाने की अपील की। विकासखंड सभागार में मंगलवार को आयोजित कार्यक्रम में उद्यान, कृषि, मत्स्य, उद्योग आदि विभागों ने विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई। मुख्य विकास अधिकारी रमेश चंद्र तिवारी ने कहा कि सरकार योजनाओं को लोगों के हिसाब से परिवर्तित कर उनको लाभ देने का काम कर रही है। कहा कि सरकार कृषि आय को बढ़ाना चाहती है। पॉलीहाउस का लाभ अधिक से अधिक लें। इसके लिए सहकारिता और समूह के माध्यम से लाभ देने का कार्य किया जा रहा है। 75 हजार रुपये की लागत वाले पॉलीहाउस केवल 14 हजार रुपये में लाभार्थियों को मिलता है। मुख्य वक्ता भाजपा अल्मोड़ा के पूर्व अध्यक्ष रवि रौतेला ने बताया कि सरकार विकास के हर आयाम तक पहुंचने का काम कर रही है। वक्ताओं ने कहा कि जिले में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए अपार संभावनाएं हैं। इसके लिए लोगों को खुद आगे आना होगा। सरकार इसका लाभ देने का काम लगातार कर रही है।

इस मौके पर उद्यान विभाग से योजना का लाभ लेकर आय बढ़ा रहे राजेंद्र कांडपाल व मनोज कोरंगा ने अपने अनुभव साझा किए। इस मौके पर जिपं अध्यक्ष बसंती देव, पूर्व मंत्री बलवंत भौर्याल, भाजपा जिलाध्यक्ष इंद्र सिंह फर्स्वाण, महामंत्री संजय परिहार, पूर्व जिलाध्यक्ष शिव सिंह बिष्ट आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

कमेटियों के गठन की प्रक्रिया तहत भूपेन्द्र कुमार बनें वार्ड अध्यक्ष

रुद्रपुर : कांग्रेस की वार्ड कमेटियों के गठन की प्रक्रिया तहत महानगर अध्यक्ष सीपी शर्मा ने वार्ड छह जगतपुरा में आयोजित सभा में सर्वसम्मति से भूपेन्द्र कुमार को वार्ड अध्यक्ष घोषित किया। इस दौरान नवनियुक्त वार्ड अध्यक्ष का कार्यकर्ताओं ने फूल मालाओं से स्वागत किया। मंगलवार को आयोजित कार्यक्रम महानगर अध्यक्ष सीपी शर्मा ने कहा कि कांग्रेस सभी वर्गों को साथ लेकर चलने वाली पार्टी है। कांग्रेस ने कभी भी धर्म और जाति के नाम पर समाज को बांटने की राजनीति नहीं की है। भाजपा ने हमेशा सत्ता पर बने रहने के लिए लोगों को जाति धर्म के नाम पर लड़ाने का काम किया है। भाजपा ने नफरत फैलाने का काम कर रही है जबकि कांग्रेस देश को जोड़ने की बात कहती है। शर्मा ने कहा कि भाजपा सरकार में महंगाई बेरोजगारी, भ्रष्टाचार के रिकार्ड तोड़ चुकी है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस इसके खिलाफ चुप नहीं बैठेगी और जनता के शोषण के खिलाफ संघर्ष जारी रखेगी। इस दौरान इस दौरान होरी लाल, नेमचन्द, कन्हैया, ओमकारा सिह तोमर, तेजपाल, अजय पाण्डे, छोटे, अनिस, जयराम, रामबहादुर, लल्लू प्रजापति, शान्ति देवी, जावेद, विजय पाल सिंह, हीरालाल, उमेश गोस्वामी, महेश आदि लोग मौजूद रहे। (एजेंसी)

पुण्यतिथि पर क्रांतिकारी बनर्जी को किया याद

पिथौरागढ़ : नगर के विभिन्न लोगों ने क्रांतिकारी मणींद्र नाथ बनर्जी को पुण्यतिथि पर याद किया। मंगलवार को टकाना स्थित कच्चाहारी कुटी में आयोजित कार्यक्रम के दौरान लोगों ने उनके चित्र पर माल्यापर्ण किया। इस दौरान स्वामी गुरुकुलानंदन कच्चाहारी बाबा, डॉ. तारा सिंह ने कहा कि भारतीय राजनैतिक कैदियों को भी अंग्रेजों जैसी सुविधा देने की मांग को लेकर भूख हड़ताल पर बैठे बनर्जी ने आज के ही दिन अपने प्राणों की आहुति दी।

धार्मिक डेरा कार सेवा के जत्थेदार घायलों की मदद में जुटे

रुद्रपुर : धार्मिक डेरा कार सेवा के सेवादार सड़क हादसे में घायल श्रद्धालुओं की सेवा के लिए डॉ सुशीला तिवारी अस्पताल हल्द्वानी पहुंचे। रविवार की रात 10 बजे गुरुद्वारा श्री रीठा साहिब चम्पावत से मत्था टेक पंजाब वलबालपुर जिला रोपड़ के श्रद्धालुओं की बस वापस आ रही थी।

चम्पावत के समीप ब्रेक फेल होने से दुर्घटनाग्रस्त हो गई थी। दुर्घटना में बस में सवार 35 लोग घायल हो गए थे। दुर्घटना की जानकारी मिलते ही धार्मिक डेरा कारसेवा के जत्थेदार बाबा तरसेम सिंह ने सेवादारों को तत्काल घटनास्थल एवं गंभीर रूप से घायलो के इलाज के लिए हल्द्वानी सुशीला तिवारी अस्पताल भर्ती होने की जानकारी मिलने पर रवाना किया।घायलों अन्य श्रद्धालुओं के लिए लंगर, दवाई एवं उपचार की व्यवस्था करने के बाद उनको डेरा कारसेवा लाया गया। पंथ रतन बाबा हरबंस सिंह बाबा टहल सिंह चैरिटेबल हॉस्पिटल मे पट्टी बदलवाने एवं लंगर छकाने के बाद श्रद्धालुओं को वापस पंजाब के रोपड़ तक पहुंचाने के लिए बसों की व्यवस्था धार्मिक डेरा कारसेवा की ओर से की गई। श्रद्धालुओं के जत्थेदार दर्शन सिंह सरपंच ने धार्मिक डेरा कारसेवा के बाबा तरसेम सिंह प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी एवं चम्पावत प्रशासन का आभार जताते हुए कहा कि दुर्घटना के बाद सभी ने बहुत मदद की है। (एजेंसी)

सीएम ने किया नव निर्मित सरदार पटेल भवन का लोकार्पण

जयन्त प्रतिनिधि।

देहरादून : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को कोर्ट रोड़, देहरादून स्थित नव निर्मित सरदार पटेल भवन का लोकार्पण किया। इस दौरान उन्होंने नवनिर्मित भवन का निरीक्षण कर विभिन्न जानकारियां प्राप्त की। मुख्यमंत्री ने 112 कंट्रोल रूम, स्टेट वीडियो सर्विलेंस सेंटर का भी अवलोकन किया। इस दौरान सीएम ने उत्तराखंड पुलिस की ई-बीट एप्प, उत्तराखंड के नागरिकों हेतु सी.ई.आई.आर सेवा पोर्टल का शुभारंभ भी किया। आरक्षी नागरिक पुलिस, अन्तः कक्ष प्रशिक्षण विषय पुस्तिका का विमोचन भी मुख्यमंत्री ने किया। उन्होंने कहा कि सरकार उत्तराखण्ड पुलिस को स्मार्ट पुलिस बनाने की ओर अग्रसर है। सरकार पुलिस को और अधिक सशक्त एवं संवेदनशील, तकनीकी रूप से दक्ष बनाना चाहती हैं। राज्य सरकार पुलिस जवानों को आधुनिक उपकरण एवं शस्त्र उपलब्ध कराने के साथ-साथ कार्यालयों को भी हाईटेक किये जाने हेतु प्रतिबद्ध है।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि भवन के लोकार्पण के पश्चात अब पुलिस विभाग को किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा। डायल 112 का क्रियान्वयन भी भवन से किया जा रहा है। जिससे आम लोगों की शिकायतों एवं समस्याओं का त्वरित समाधान किया जा सकेगा। राज्य सरकार पुलिस कार्मिकों के कल्याण एवं उनकी आवासीय एवं अनावासीय सुविधाओं की पूर्ति के लिए पूर्ण रूप से प्रतिबद्ध है। सरकार ने विगत वर्ष की तुलना में इस वर्ष आवासीय एवं अनावासीय भवनों के निर्माण हेतु धनराशि में बढोत्तरी करते हुये 45 करोड़ का प्राविधान किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि ई-बीट एप्प को पुलिस एवं आम जनता से सम्बन्धित विभिन्न सेवाओं के ऑनलाइन समाधान, कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने एवं पुलिस कार्यप्रणाली को पेपरलेस बनाने के उद्देश्य से तैयार किया गया है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में राज्य में चारधाम यात्रा गतिमान है। जिसमें देश-विदेश से लाखों संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। पुलिस द्वारा चारधाम यात्रा को बेहतरीन तरीके से संचालित किया जा रहा है। राज्य सरकार और पुलिस चारधाम यात्रा को आमजन के लिये सुगम व सुरक्षित बनाये रखने के लिए निरंतर प्रयासरत है। मुख्यमंत्री ने कहा कि समाज को सुधारने में पुलिस की अहम भूमिका होती है। करोड़ों की संख्या में हमारे राज्य में पर्यटक अन्य राज्यों से आते हैं। ऐसे में पुलिस राज्य सरकार के प्रतिनिधि के तौर पर काम करती है। कहा उत्तराखंड पुलिस को वर्तमान समय के साथ भविष्य के लिए भी खुद को तैयार करने की जरूरत है।

अपर मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने कहा कि सरकार निरंतर स्मार्ट पुलिस के मंत्र पर काम कर रही है। बीते वर्षों में पुलिस को आधुनिकता से जोड़ने के लिए कई कार्य हुए हैं। उन्होंने कहा मुख्यमंत्री के नेतृत्व में नवीन भवनों का निर्माण कार्य हो रहा है, जिसमें उसकी गुणवत्ता और समयावधि का विशेष ध्यान रखा जा रहा है। डीजीपी अशोक कुमार ने कहा कि सरदार पटेल भवन के लोकार्पित होने से उत्तराखंड पुलिस को एक बहुउद्देशीय कार्यालय भवन मिला है। सरकार पटेल भवन में परिक्षेत्रीय कार्यालय के अतिरिक्त यातायात निदेशालय, एसडीआरएफ प्रशिक्षण, अग्निशमन एवं आपात सेवा आदि कार्यालय शिफ्ट किये गये हैं। जिसमें लगभग 250 अधिकारी एवं कर्मचारी कार्यरत हैं। कार्यक्रम में सांसद श्रीमती माला राज्यलक्ष्मी शाह, विधायक खजान दास, अपर पुलिस महानिदेशक अभिनव कुमार एवं अन्य लोग मौजूद रहे।

अफसर जल संरक्षण को मात्र सरकारी योजना समझने की भूल न करें : धामी

औपचारिक बैठकों के स्थान पर अधिकारी धरातल पर परिणाम देने का प्रयास करें

जयन्त प्रतिनिधि। देहरादून : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शासन के उच्चाधिकारियों को सख्त हिदायत दी है कि उत्तराखण्ड में जल संरक्षण को मात्र सरकारी योजना न समझा जाय, बल्कि इस पर दीर्घकालीन विजन के तहत मिशन मोड पर गम्भीरता से कार्य किया जाय। राज्य में जल स्त्रोतों के सूखने पर चिंता व्यक्त करते हुए सीएम ने अपर मुख्य सचिव के स्तर से राज्य में जल संरक्षण योजनाओं की प्रगति के साप्ताहिक समीक्षा के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि आगामी मानसून के तीन महीने वर्षा जल संरक्षण के दृष्टिगत हमारे लिए अत्यन्त निर्णायक हैं, सम्बन्धित विभाग इस पर प्रोएक्टिव अप्रोच के साथ काम करें।

मुख्यमंत्री ने मंगलवार को सचिवालय में मानसून सीजन से पूर्व तथा मध्य में वृहद जल संरक्षण अभियान चलाकर जल संरक्षण हेतु आवश्यक प्रबन्ध/निर्माण कराये जाने हेतु विभिन्न विभागों की कार्ययोजना की समीक्षा के दौरान जल संरक्षण हेतु राज्य में जल संरक्षण बोर्ड या ऑथारिटी के जल्द गठन का भी निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड जैसे भौगोलिक रूप से छोटे राज्य में हर क्षेत्र में मॉडल राज्य बनने की शत प्रतिशत संभावनाएं हैं। सीएम ने वन विभाग को राज्य में चीड़ के वृक्षों को बांज और देवदार के वृक्षों से प्रतिस्थापित (रिप्लेस) करने के निर्देश भी दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में जल संरक्षण हेतु वन विभाग, जलागम विभाग, सिंचाई विभाग, कृषि विभाग तथा ग्राम्य विकास विभाग एक वृहद कार्ययोजना पर मिलजुल का कार्य करें। उन्होंने कहा कि सभी सम्बन्धित विभाग स्पष्ट करें कि अभी तक उनके द्वारा किये गये जल संरक्षण के प्रयासों का परिणाम क्या रहा। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को सख्त हिदायत दी है कि उत्तराखण्ड को प्रत्येक क्षेत्र में मॉडल राज्य बनाने के लिए सभी विभाग अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन पर ध्यान दें तथा औपचारिक बैठकों के स्थान पर धरातल पर परिणाम देने का प्रयास करें। बैठक में अपर मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी, आनंदवर्धन, सचिव आर के सुधांशु, शैलेश बगोली, वन विभाग, कृषि विभाग, जलागम विभाग तथा सिंचाई विभाग के उच्चाधिकारी उपस्थित थे।

परियोजना के ऊपर से सड़क निर्माण कार्य पर रोक लगाने की मांग की

श्रीनगर गढ़वाल : कीर्तिनगर ब्लॉक के अंतर्गत ग्राम सेंद्री चौरास के ग्रामीणों ने जल विद्युत परियोजना के ऊपर से प्रस्तावित सड़क के सर्वे व निर्माण कार्य पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाए जाने की मांग की है। इस संदर्भ में उपजिलाधिकारी कीर्तिनगर को सौंपे ज्ञापन में सेंद्री निवासी धर्मेंद्र रावत ने कहा कि श्रीनगर जल विद्युत परियोजना के ऊपर की ओर लोक निर्माण विभाग द्वारा सेंद्री–सुपाणा लिंक रोड का सर्वे व निर्माण की जो प्रक्रिया की जा रही है या प्रस्तावित है इसे तुरंत रोका जाए। उन्होंने कहा कि परियोजना के ऊपरी क्षेत्र में निर्माण कार्य किसी खतरे से कम नहीं है। कहा कि सेंद्री ग्राम सभा के प्राकृतिक जल स्त्रोत को किसी भी सड़क निर्माण कार्य से दूर रखा जाए। जिससे कि भविष्य में पानी की कोई भी समस्या न हो और ग्रामीणों को आसानी से पानी उपलब्ध हो सके। उन्होंने सेंद्री गांव के लिए प्रस्तावित सड़क का निर्माण कार्य सुपाणा क्रेशर से सेंद्री की तरफ से करवाए जाने की मांग की है। जिससे ग्रामीणों को इसका लाभ जल्द मिल सके। कहा कि यदि सड़क निर्माण के कारण कोई भी जन धन की हानि होती है तो उसके लिए पूरी तरीके से प्रशासन जिम्मेदार होगी। ज्ञापन देने वालों में शेर सिंह मेहता, रिंकी मेहता, सुरेश रावत, सूरज रावत, मदन कठैत आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

श्रीनगर में गर्मी के साथ बढ़ने लगा मच्छरों का प्रकोप

श्रीनगर गढ़वाल : श्रीनगर में गर्मी के साथ ही मच्छरों का प्रकोप भी बढ़ने लगा है। नगर निगम हर बार गर्मियों और बरसात में दवाओं के छिड़काव और फॉगिंग का दावा करता है। लेकिन नगर में मच्छरों के बढ़ते प्रकोप से मच्छर जनित बीमारियों का खतरा बढ़ गया है। शाम ढलते ही मच्छरों का प्रकोप इतना बढ़ जाता है कि लोग घर के बाहर बैठ तक नहीं पा रहे हैं। नगर के मोहल्लों में लगातार फॉगिग नहीं कराए जाने से मच्छर तेजी से पनप रहे हैं। जिससे मलेरिया और डेंगू जैसी बीमारियों की आशंका बढ़ रही है। स्थानीय लोगों ने नगर निगम से वृहद स्तर पर फॉगिंग करवाए जाने की मांग की है।

गढ़वाल मंडल व मेडिकल कर्मचारियों को सिखाएं योग के गुर

श्रीनगर गढ़वाल : अंतराष्ट्रीय योग महोत्सव पखवाड़े के तीसरे दिन पर्यटक आवास गृह, गढ़वाल मंडल विकास निगम श्रीकोट, श्रीनगर में योगाचार्य रामकृष्ण रतूड़ी व मेडिकल कॉलेज श्रीनगर में योगाचार्य गणेश भट्ट ने मेडिकल कॉलेज के अधिकारियों एवं छात्रों को योग का प्रशिक्षण दिया।

उत्तराखण्ड और हिमालयी राज्यों के लिए आदर्श बनेगा चंपावत : धामी

जयन्त प्रतिनिधि।

देहरादून : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि मॉडल जिले के रूप में विकसित किया जा रहा चंपावत न केवल उत्तराखण्ड के लिए बल्कि सभी हिमालयी राज्यों के लिए एक आदर्श बनेगा। चंपावत के विकास के लिए किए जा रहे इनोवेटिव प्रोजेक्टस देश के सभी पर्वतीय राज्यों और जिलों के लिए गाइड लाइन का काम करेंगी। चंपावत जिले को मॉडल जिले के रूप में विकसित करने में लगे जिला प्रशासन के साथ ही सभी सम्बन्धित स्टेकहोल्डर्स को मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि इस सम्बन्ध में अभी तक हुए डॉक्यूमेंटेशन को शत प्रतिशत धरातल पर उतारा जाए तथा इसकी निरन्तर निगरानी की जाय।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को सचिवालय में चंपावत जिले में किये गये विकास कार्यों की समीक्षा बैठक में मुख्य वैज्ञानिक सलाहकार कार्यालय भारत सरकार के प्रतिनिधियों द्वारा चंपावत में जाकर तैयार की गई चंपावत की भौगोलिक परिस्थितियों के अनुरूप विकास की संभावना, साइंस एवं टेक्नोलॉजी के आधार पर विकास की संरचना पर अधारित पुस्तिका का विमोचन किया। मुख्यमंत्री ने चंपावत की विभिन्न भौगोलिक स्थिति पर आधारित ऑनलाइन डैशबोर्ड, जनपद चंपावत के अंतर्गत चल रही विभिन्न विभागीय योजनाओं की प्रगति पर आधारित ऑनलाइन डैशबोर्ड का अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि इस तरह के ऑनलाइन डैशबोर्ड उत्तराखंड राज्य में बड़े स्तर पर भी विकसित किए जाएंगे। आगामी समय में चंपावत जिले के अंतर्गत कई बड़े प्रोजेक्ट को पायलट प्रोजेक्ट के रूप में शुरू करने की योजना है। कहा कि चंपावत को आदर्श जिले के रूप में विकसित करने में यूकोस्ट की अहम भूमिका है। संपूर्ण हिमालय राज्यों में उत्तराखंड आदर्श राज्य बने इस पर भी तीव्र गति के साथ कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि चंपावत प्राकृतिक सौंदर्य, स्वच्छ पर्यावरण एवं मंदिरों से आच्छादित है। इन्हीं सब में संभावनाएं खोज कर हमें विकास की नई ऊंचाइयों को छूना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि साइंस एवं टेक्नोलॉजी के माध्यम से जनपद चंपावत के अंदर किस प्रकार विकास को स्थापित कर सकते हैं इस पर भी योजनाएं बनाई जाए। कहा कि कृषि, बागवानी, स्वास्थ्य शिक्षा जैसी मूलभूत सुविधाओं पर भी ध्यान दिया जा रहा है। इस मौके पर महानिदेशक यूकोस्ट प्रो. दुर्गेश पंत, अपर मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी, प्रमुख सचिव आर.के सुधांशु, अतिरिक्त सचिव प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार कार्यालय डॉ. प्रीति बेजल, राहुल नायर, प्रो. आर.एम पंत, कुलपति, असम केंद्रीय विश्वविद्यालय, वी.सी के माध्यम से जिलाधिकारी चंपावत नरेंद्र सिंह भंडारी एवं अन्य लोग मौजूद रहे।

तोणीधार-पेलिंग मोटर मार्ग के निर्माण को शासन से मिली स्वीकृति

रूद्रप्रयाग : ग्रामीणों की लंबे समय से चली आ रही सड़क की मांग पूरी हो गई है। परकंडी क्षेत्र में छह किलोमीटर तोणीधार-पेलिंग मोटर मार्ग के निर्माण को शासन से स्वीकृति मिल गई है। केदारनाथ विधायक शैला रानी रावत के प्रयासों से इस सड़क को मंजूरी मिल पाई है। सड़क निर्माण के लिए 4 करोड़ 70 लाख रुपये की स्वीकृति भी मिल गई है।इस सड़क से परकंडी ग्राम पंचायत के धरसाल, ठांड, मयालू, कोलियाणी, पेलिंग, स्वाड़ू, उथिंड, कुहेड़, क्यार्क और मक्कूमठ गांव की जनता को यातायात का लाभ मिलेगा। उथिंड के ग्राम प्रधान हर्षवर्द्धन सेमवाल, पेलिंग की प्रधान सावित्री देवी, क्षेत्र पंचायत सदस्य विनोद सेमवाल, वन सरपंच प्रताप सिंह नेगी, पूर्व प्रधान रामेश्वरी नेगी, नारायण सिंह नेगी, गौर सिंह नेगी, राजेंद्र सिंह नेगी, उपप्रधान पुष्कर सिंह नेगी, विजय सिंह, यशवीर राणा, रणवीर सिंह, मदन सिंह चौधरी, गजेंद्र चौधरी, रमेश नेगी, धर्म सिंह नेगी के साथ ही महिला मंगल दल और युवक मंगल दल के प्रतिनिधियों ने सड़क स्वीकृत होने पर केदारनाथ विधायक शैला रानी रावत का आभार जताया है।

कांग्रेसियों ने केदारनाथ में सोने को लेकर हुए विवाद की उच्च स्तरीय जांच की मांग की

रूद्रप्रयाग : केदारनाथ मंदिर के गर्भ गृह में जलेरी में सोने की परत हटने से गुस्साएं कांग्रेसियों ने इस सम्पूर्ण मामले की उच्च स्तरीय जांच की मांग की है। कांग्रेसियों ने मुख्यालय में उच्च स्तरीय जांच की मांग को लेकर एक दिवसीय सांकेतिक धरना दिया। कहा कि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन किया जाएगा।मंगलवार को मुख्यालय स्थित मुख्य बाजार में कांग्रेसियों ने कांग्रेस प्रदेश सचिव लक्ष्मण सिंह रावत एवं कांग्रेस के नगर अध्यक्ष प्रशांत डोभाल के नेतृत्व में केदारनाथ मंदिर में लगाए गए सोने की परत के तांबे में परिवर्तित होने के मामले की उच्च स्तरीय जांच की मांग को लेकर सांकेतिक धरना दिया। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि इस मामले में यदि सख्त कार्रवाई नहीं की गई तो उग्र आंदोलन किया जाएगा। प्रदेश सचिव लक्ष्मण सिंह रावत ने कहा कि यह मामला मात्र रुद्रप्रयाग से जुड़ा नहीं है बल्कि विश्व के सनातनियों से जुड़ा है। इस मामले का दूध का दूध और पानी का पानी होना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि केदारनाथ के नाम पर लूट करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। कांग्रेस के नगर अध्यक्ष प्रशांत डोभाल ने कहा कि जब तक केदारनाथ के साथ धोखा करने वालों सरकारी सफेदपोश नेताओं के नाम उजागर नहीं किए जाएंगे, तब तक कांग्रेसियों का आंदोलन जारी रहेगा। धरना देने वालों में वरिष्ठ कांग्रेसी व्यापार संघ के अध्यक्ष राय सिंह बिष्ट, आनंद सिंह नेगी, चरण सिंह नेगी, पूर्व नगर अध्यक्ष महावीर सिंह पंवार, जिला महामंत्री नरेंद्र सिंह रावत आदि मौजूद थे। (एजेंसी)

जरूरत पड़ी तो ड्रग्स माफिया को जड़ से समाप्त करने के लिए बनेगा ग़ख्त कानून : सीएम

जयन्त प्रतिनिधि।

देहरादून : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने स्पष्ट किया है कि यदि राज्य में ड्रग्स माफिया को जड़ से समाप्त करने के लिए नकल विरोधी कानून की तरह कड़े से कड़े कानून को लाने की जरूरत पड़ी तो, यह भी लाया जा सकता है। सीएम ने उत्तराखण्ड में नशे की सप्लाई चैन तोड़ने के लिए पुलिस विभाग को नशे का व्यापार करने वाले अपराधियों व ड्रग्स माफिया पर ताबड़तोड़ कार्यवाही के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही सीएम ने आगामी 26 जून को वर्ल्ड एन्टी ड्रग्स डे के अवसर पर प्रदेशभर के युवाओं के एण्टी ड्रग ई प्लज के आंकड़े को 55300 से बढ़ाकर नया रिकॉड बनाने का लक्ष्य पुलिस विभाग को दिया है। उन्होंने कहा कि योग दिवस की भांति ही आगामी 26 जून को राज्यभर में वर्ल्ड एन्टी ड्रग्स डे मनाया जाएगा।

मुख्यमंत्री धामी ने मंगलवार को सचिवालय में एनसीओआरडी (स्टेट लेवल नारकोटिक्स को-ऑर्डिनेशन मीटिंग) की चौथी राज्य स्तरीय बैठक में सचिव स्वास्थ्य को निर्देश दिए कि राज्य में नशा मुक्ति केन्द्रों की स्थापना, संचालन, उपचार एवं चिकित्सकों की व्यवस्था हेतु स्पष्ट गाइडलाइन्स एवं वर्किंग प्लान को जल्द से जल्द कार्यान्वित करने में आ रही बाधाओं के समाधान हेतु मुख्यमंत्री स्तर पर सीधा सम्पर्क किया जाए। वर्तमान में राज्य में निजी प्रयासों से 43 निजी नशा मुक्ति केंद्र संचालित है। उन्होंने एण्टी ड्रग्स टास्क फोर्स को मजबूत करने की भी बात कही। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को सख्त हिदायत दी कि 2025 तक ड्रग्स फ्री उत्तराखण्ड के लक्ष्य को पूरा करने के लिए अधिकारियों को मात्र बैठकों तक सीमित न रहकर कार्यों को धरातल पर उतारने के लिए ऑनरशिप लेने की कार्य संस्कृति विकसित करनी होगी। यह अधिकारियों के कर्तव्य के साथ ही मानवता की सेवा का भी कार्य है। बैठक में अपर मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी, पुलिस महानिदेशक अशोक कुमार, सचिव आर के सुधांशु, नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरों एवं उत्तराखण्ड शासन के उच्चाधिकारी मौजूद रहे।

सर्वाधिक लिंगानुपात वाले ब्लॉक की एएनएम और आशा होगी सम्मानित

नई टिहरी : जिला सलाहकार समिति (पीसीपीएनडीटी) की त्रैमासिक बैठक में डीएम ने जिले के लिंगानुपात को लेकर संबंधित अधिकारियों से चर्चा की। इस मौके पर डीएम ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को क्षेत्रीय आशा कार्यकर्ता, एएनएम तथा एनजीओ के साथ मिलकर कन्या भ्रूण हत्या को लेकर जनजागरुकता अभियान चलाने के भी निर्देश दिए। जिला सभागार में आयोजित पीसीपीएनडीटी की बैठक में डीएम डॉ. सौरभ गहरवार ने समिति में नवीन गैर सरकारी संगठन का चयन, पीसीपीएनडीटी अधिनियम के प्रचार प्रसार, मसीहा अस्पताल के नवीनीकरण, जनपद के लिंगानुपात आदि पर चर्चा की।

श्री केदारनाथ धाम में व्यवस्थाओं से संतुष्ट तीर्थ यात्री, अनुभव किए साझा

जयन्त प्रतिनिधि।

रूद्रप्रयाग : श्री केदारनाथ धाम में दर्शन करने आ रहे तीर्थ यात्रियों ने अपने अनुभवों को साझा किया। अहमदाबाद की सृद्धि जोशी ने बताया कि उन्हें केदारनाथ धाम में आकर बहुत ऊर्जा का एहसास हुआ है। कहा कि उन्हें भगवान शिव के साक्षात यहां पर होने का अनुभव प्राप्त हुआ है। उन्होंने केदारनाथ धाम में उपलब्ध सभी व्यवस्थाओं व सुविधाओं की प्रशंसा की।

केदारनाथ धाम में दर्शन करने पहुंच रहे श्रद्धालुओं द्वारा राज्य सरकार एवं जिला प्रशासन द्वारा उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं एवं व्यवस्थाओं के लिए सराहना करते हुए आभार व्यक्त किया गया है। केदारनाथ धाम के दर्शन करने आए नजफगढ़ के रोहित कुमार ने केदारनाथ धाम में चल रहे निर्माण कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि सरकार द्वारा बहुत अच्छी तरह से निर्माण कार्य कराए जा रहे हैं। इसके साथ ही धाम में निरंतर साफ-सफाई व्यवस्था भी बहुत अच्छी तरह से हो रही है।

ग्यारहवें ज्योर्तिलिंग बाबा केदारनाथ धाम में दर्शन करने आ रहे श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की कोई परेशानी एवं असुविधा न हो इसके लिए यात्रा व्यवस्थाओं से जुड़े सभी अधिकारियों को यात्रा मार्ग से लेकर केदारनाथ धाम तक सभी आवश्यक व्यवस्थाओं को चाक-चैबंद करने के निर्देश जिलाधिकारी मयूर दीक्षित द्वारा संबंधित अधिकारियों को दिए गए हैं। जिलाधिकारी सभी व्यवस्थाओं की स्वयं निरंतर मॉनीटरिंग कर रहे है।

केदारनाथ धाम दर्शन करने आए उज्जैन के मोहित कुमार ने केदारनाथ धाम की यात्रा का अपना अनुभव साझा करते हुए कहा कि उन्हें बाबा केदारनाथ के दर्शन बहुत अच्छे ढंग से हुए हैं। उन्होंने उत्साहित होते हुए कहा कि धाम में उपलब्ध सुविधाओं से वह बहुत प्रसन्न हुए हैं। बताया कि यहां पर रहने, खाने व साफ-सफाई सहित अन्य सभी व्यवस्थाएं बहुत अच्छी हैं।

पुलिस ने यात्रा मार्ग में बिछुड़ी बच्ची को परिजनों से मिलाया

रूद्रप्रयाग : केदारनाथ यात्रा के दौरान परिजनों से बिछुड़ी चार साल बच्ची को पुलिस ने उसके परिजनों से मिलवाया। बच्ची को सकुशल पाकर परिजनों के चेहरों पर खुशी लौट आई।केदारनाथ धाम की यात्रा पर आई होशियारपुर पंजाब निवासी 4 वर्षीय बालिका कृतिका के उसके परिजनों ने कंडी द्वारा भेजा। पैदल मार्ग पर भीमबली से लिंचौली के बीच की कठिन चढ़ाई वाले क्षेत्र में बच्ची के परिजन पीछे छूट गए। अपने परिजनों को न देखकर बच्ची जोरों से दहाड़ मारकर रोने लगी। कंडी वाले ने कुछ देर परिजनों का इन्तजार भी किया पर बच्ची रोती रही। इस पर कण्डी वाला बच्ची को लेकर चौकी लिंचोली पहुंचा और सारी बात बताई।

उत्तर रेलवे

निविदा सूचना

क्र. सं.	कार्य का नाम एवं लोकेशन	कार्य की अनुमानित लागत (₹)	कार्यालय का पता जहां से निविदा प्रपत्र जारी किया गया है	बिड सिक्योरिटी राशि (₹)	कार्य के पूर्ण करने की समय अवधि	निविदा प्रपत्र जमा करने तथा खुलने की दिनांक व समय	वेबसाइट एवं कार्यालय का पता
1.	14/वरिष्ठ मं.वि.अभि./सा./मुरा./2023 तीसरी कॉल एमबी डिवीजन में वायरिंग कार्य, केबल बिछाने और संबंधित विद्युत कार्य की मरम्मत और सुधार के लिए विद्युत कार्य।	83,28,158.06 (जीएसटी सहित)	विद्युत शाखा, मण्डल रेल प्रबन्धक कार्यालय, उत्तर रेलवे, मुरादाबाद	1,66,600/-	6 (छः) माह	निविदायें दिनांक 14.07.2023 को 15:00 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं जो उसी दिन 15:00 बजे खोली जायेंगी।	वेबसाइट www.ireps.gov.in मण्डल रेल प्रबन्धक कार्यालय/ उत्तर रेलवे/ मुरादाबाद
2.	15/वरिष्ठ मं.वि.अभि./सा./मुरा./2023 तीसरी कॉल एमबी डिवीजन में प्रकाश व्यवस्था, सुरक्षा प्रोटोकॉल और अन्य संबद्ध कार्यों की मरम्मत और सुधार के लिए विद्युत कार्य।	60,16,658.82 (जीएसटी सहित)		1,20,300/-	6 (छः) माह		
3.	22/वरिष्ठ मं.वि.अभि./सा./मुरा./2023 तीसरी कॉल ABSS के लिए विद्युत कार्यः अमृत भारत योजना के तहत मुरादाबाद मंडल के सिओहरा (SEO) स्टेशन का उन्नयन।	69,31,447,26 (जीएसटी सहित)		1,38,600/-	6 (छः) माह		

निविदा सूचना सं. 29/2023 दिनांक 20.06.2023 1902/2023

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

सम्पादकीय

अब बरसात का चुनौतीपूर्ण दौर

उत्तराखंड के मैदानी क्षेत्रों में आसमान से बरसती आग पर बारिश की बूंदों ने कुछ रोकथाम लगाई है और अब आने वाले दिनों में बारिश का असर देखने को मिलेगा। इसके मायने साफ है कि जहां एक तरफ मैदानी क्षेत्रों में तापमान सही लोगों को कुछ राहत मिलेगी तो वही पहाड़ों के लिए थोड़ा मुश्किल समय आने वाला है। वर्तमान दौर में उत्तराखंड में चार धाम यात्रा अपने पूरे चरम पर है और सामान्य ग्रीष्म ऋतु में भी केदारनाथ सहित हेमकुंड साहिब वह दूसरे धर्मों में बारिश का असर देखा गया है। भीषण गर्मी के दौरान भी केदारनाथ और हेमकुंड साहिब में कई बार यात्रा में व्यवधान आया लेकिन अब बरसात का दौर शुरू होने को है तो इन परिस्थितियों में चार धाम यात्रा के आयोजन को लेकर सरकार के आगे नई चुनौतियां पेश आने वाली है। उत्तराखंड में इस बार मई का महीना भले ही अधिक घुसाने वाला नहीं रहा लेकिन जून के यह 20 दिन काफी भारी पड़े हैं। तपती गर्मी के बाद मेघों ने अब बरसना शुरू किया है तो तमाम व्यवस्थाएं भी खुलकर सामने आने लगी हैं। मुख्य तौर पर उत्तराखंड की राजधानी देहरादून में "स्मार्ट सिटी" के लिए चल रहे कार्यों के कारण अधिकांश सड़कें खुद ही हुई है जो बरसात के चलते काफी खतरनाक साबित हो सकती हैं। सामान्य दिनों में भी खुदाई के कारण जो सड़कें चलने लायक नहीं है उनमें बरसात से कब कोई बड़ा हादसा हो जाए कुछ कहा नहीं जा सकता। तो वही चार धाम यात्रा भी बरसात से अछूती नहीं मानी जा सकती, भूस्खलन बरसात के दिनों में उत्तराखंड के पहाड़ों में एक सामान्य बात है और अक्सर इस प्राकृतिक क्रिया से कई कई दिनों तक यात्रा बाधित रहती है या अक्सर यात्रियों को मार्ग में फंसे भी रहना पड़ता है। मौसम विभाग का कहना है कि इस बार मानसून पांच दिन की देरी से 25 जून को उत्तराखंड में प्रवेश करेगा, लेकिन इससे पहले 21 और 22 जून को प्री मानसून की अच्छी बारिश हो सकती है। पर्वतीय जिलों में बारिश के साथ झोंकेदार हवाएं भी चलने के आसार हैं। इससे मैदानी इलाकों में तापमान में गिरावट दर्ज की जा सकती है। यानी कि स्पष्ट है कि मैदान से लेकर पहाड़ो तक उत्तराखंड में अब बरसात का अच्छा खासा असर देखने को मिलेगा। सुचारू यातायात व्यवस्था एवं चार धाम मार्ग पर दुर्घटना रहित संचालन के लिए किए गए कार्य की परीक्षा का दौर भी शुरू होने वाला है। खास तौर से आपदा तंत्र के लिए इस बार का मानसून काफी भागदौड़ वाला रहेगा। प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आपदा राहत तंत्र को मजबूत व तत्पर बनाने के लिए बरसात से पूर्व ही सतर्क,सचेत एवं संसाधनों से युक्त रहने के निर्देश दिए हैं। तमाम प्रयासों के बावजूद बरसात की विभीषिका उत्तराखंड में कोहराम मचाती आई है, अतः यह जरूरी है कि जहां एक तरफ बरसात के दौरान सतर्क रहने की जरूरत है तो वही किसी भी प्रकार की प्राकृतिक विपदा के बाद शुरू किए जाने वाले राहत कार्यों में भी किसी प्रकार की देरी ना होने पाए। अधिक प्राकृतिक विपदा वाले स्थानों पर एसडीआरएफ के कैंप स्थापित किए जाने चाहिए साथ ही स्थानीय पुलिस को भी राहत तंत्र की बारीकियों से प्रशिक्षित करना चाहिए। बादल फटने जैसी घटनाएं एक बड़ी त्रासदी अपने पीछे छोड़ कर जाती है जिसमें ना केवल गांव के गांव जमीन दोज हो जाते हैं बल्कि ग्रामीणों को भी जान की हानि चुकानी पड़ती है। यह परिस्थितियां सबसे विकट होती है, और इसमें सवोपरि प्राथमिकता लोगों की जान बचाने की होनी चाहिए। मौसम विभाग किसी भी प्रकार की प्राकृतिक विपदा शिवपुर अलर्ट जारी करें और अलर्ट कि यह सूचना संभावित क्षेत्रों के साथ साथ ही अधिकाधिक लोगों तक पहुंचने की व्यवस्था सुदृढ़ बनानी चाहिए। प्राकृतिक आपदाओं को रोकना संभव नहीं है लेकिन पूर्वानुमान के आधार पर जान माल की हानि में निश्चित तौर पर कमी लाई जा सकती है, और यह तभी संभव होगा जब सभी संबंधित विभाग तत्परता एवं पूर्ण जिम्मेदारी के साथ अपनी भूमिका निभाएंगे।

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2023 पर विशेष

दुनिया भर में वसुधैव कुटुम्बकम–एक परिवार, एक–पृथ्वी का संदेश देगा

21 जून
अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

> अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2023 समारोह में हर तबके, वर्ग, समूहों को शामिल करने के लिए हमारे देश में भी अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। योग भारतमाला बनाई जाएगी, जिसमें भारतीय सेना, भारतीय वायु सेना, नौसेना, तटरक्षक बल और सीमा सड़क संगठन की भागीदारी देखने को मिलेगी। इसी तरह योग सागरमाला में पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय से जुड़े बंदरगाहों पर योग प्रदर्शन होगा। ग्रामीण विकास मंत्रालय के अमृत सरोवर भी इस वर्ष के समारोह का हिस्सा होंगे। शिक्षा मंत्रालय, रक्षा मंत्रालय के साथ–साथ भारत सरकार के अन्य प्रमुख मंत्रालय भी इस उत्सव का हिस्सा हैं। यह पूरे सरकार के दृष्टिकोण को भी दर्शाता है। यह विचार स्पष्ट रूप से यह दिखाता है कि आईडीवाई हर किसी के लिए उत्सव है और हम में से प्रत्येक को अपनी भूमिका निभानी है।

सर्बानंद सोणोवाल

इस वर्ष के अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का विषय वसुधैव कुटुम्बकम के लिए योग है, और यह विषय समग्र रूप से स्वस्थ, आनंदमय, शांतिपूर्ण और गतिशील दुनिया बनाने के लिए अंतरराष्ट्रीय योग दिवस (आईडीवाई) से जुड़े सभी लोगों के निरंतर, निर्भीक और स्थायी प्रयासों को रेखांकित करता है। योग सकारात्मक ऊर्जा लाता है, और वसुधैव कुटुम्बकम दुनिया को एक बड़े परिवार के रूप में देखना और उसी तरह से जीना है। योग के रूप में भारत की यह पारंपरिक प्रथा सर्वे भवन्तु सुखिन, सर्वे सन्तु निरामय (सभी सुखी हों और सभी रोगमुक्त हों) की प्राचीन प्रार्थना को साकार करने के लिए एक शक्तिशाली प्रेरणा शक्ति बन जाती है।

सबसे पहले यह रेखांकित करना चाहता हूं कि आयुष मंत्रालय ने पिछले 9 वर्षों में जबरदस्त प्रगति की है। यह हमारे माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी की दूरदर्शिता और भारत की परंपराओं की उनकी गहरी समझ है जिसने आयुष को बहुत तेजी से आगे बढ़ाया है। जन–साधारण की सेवा के प्रति उनकी अडिग प्रतिबद्धता और भारत को हर क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते देखने की इच्छा के परिणामस्वरूप हर साल दुनिया भर में आईडीवाई नये जोश से मनाया जाता है। हर वर्ष भाग लेने वालों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। हमारे माननीय प्रधानमंत्री ने 2014 में संयुक्त राष्ट्र के सदस्य देशों के समक्ष हर वर्ष 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मनाने का प्रस्ताव देते हुए वैश्विक कल्याण और समग्र स्वास्थ्य का मंत्र दिया था। संयुक्त राष्ट्र के सदस्य देशों ने तब सर्वसम्मति से इस प्रस्ताव को स्वीकार किया और अब दुनिया इस मंत्र को पूरे मन से अपना रही है।

वसुधैव कुटुम्बकम के लिए योग एक दिन का विषय नहीं है। यह एक ऐसा मुद्दा है जिस पर अच्छी तरह से विचार किया गया है, चर्चा की गई है, कई लोगों द्वारा इसके अहम पहलुओं को उभारा गया है। इसके पीछे हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी की कल्पना रही है। जी–20 राष्ट्रों और एससीओ (शंघाई सहयोग संगठन) के सदस्य देशों के प्रतिनिधि और एससीओ के भागीदार देश भी योग को बेहद सम्मान की दृष्टि से देखते हैं। इस साल अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर विभिन्न देशों के प्रतिनिधिमंडल भारत में योगाभ्यास करेंगे।

हम देख रहे हैं कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस वैश्विक स्तर पर योग की बढ़ती स्वीकार्यता का स्पष्ट प्रतीक है। समन्वित सरकारी प्रयास के लिहाज से भारत सरकार का प्रत्येक मंत्रालय और सभी हितधारक तालमेल से काम कर रहे हैं। विदेश मंत्रालय अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योग कार्यक्रम आयोजित करने के लिए भारतीय दूतावासों, विदेशों में भारतीय मिशनों और दुनिया भर में वाणिज्य दूतावासों को प्रोत्साहित करता है। यह वैश्विक समुदाय के बीच योग को बढ़ावा देता है और भारत की सांस्कृतिक कूटनीति को मजबूत करता है। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2023 की विषय वस्तु की व्याप्ति का मतलब है कि इसका संदेश दुनिया के कोने–कोने तक पहुंचे। इसके लिए स्थानीय, राष्ट्रीय और अंतराराष्ट्रीय, तीनों स्तरों पर काम करना होता है। पिछले साल हमने इस उद्देश्य के लिए गार्जियन रिंग ऑफ योग किया था। इस साल हम ओशन रिंग के रूप में, और प्राइम मेरिडियन लाइन पर या उसके पास पडने़ वाले आर्कटिक से अंटार्कटिका तक के क्षेत्र में आने वाले देशों तक योग प्रदर्शन कर रहे हैं। 21 जून को ये दो विचार न केवल वैश्विक समुदायों की भागीदारी बढ़ाएंगे, बल्कि यह भी प्रदर्शित करेंगे कि योग जीवन को बनाए रखने वाली शक्ति है, चाहे स्थिति या स्थान कोई भी हो। योग उत्तरी और दक्षिणी ध्रुव क्षेत्र, हिमाद्रि– स्वालबार्ड (आर्कटिक में) भारतीय अनुसंधान केन्द्र; और भारती– अंटार्कटिका में तीसरे भारतीय अनुसंधान केन्द्र में भी होगा।

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2023 समारोह में हर तबके, वर्ग, समूहों को शामिल करने के लिए हमारे देश में भी अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। योग भारतमाला बनाई जाएगी, जिसमें भारतीय सेना, भारतीय वायु सेना, नौसेना, तटरक्षक बल और सीमा सड़क संगठन की भागीदारी देखने को मिलेगी। इसी तरह योग सागरमाला में पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय से जुड़े बंदरगाहों पर योग प्रदर्शन होगा। ग्रामीण विकास मंत्रालय के अमृत सरोवर भी इस वर्ष के समारोह का हिस्सा होंगे। शिक्षा मंत्रालय, रक्षा मंत्रालय के साथ–साथ भारत सरकार के अन्य प्रमुख मंत्रालय भी इस उत्सव का हिस्सा हैं। यह पूरे सरकार के दृष्टिकोण को भी दर्शाता है। यह विचार स्पष्ट रूप से यह दिखाता है कि आईडीवाई हर किसी के लिए उत्सव है और हम में से प्रत्येक को अपनी भूमिका निभानी है।

ग्रामीण स्तर पर सामान्य योग प्रोटोकॉल का पालन किया जाएगा और इसके लिए सामान्य सेवा केन्द्रों को भी जोड़ा गया है। राष्ट्रीय आयुष मिशन के तहत आयुष स्वास्थ्य और सम्पूर्ण स्वास्थ्य केन्द्र भी सामान्य योग प्रोटोकॉल का पालन करेंगे। यह भारत के सभी हेल्थ एंड वेलनैस सेंटरों पर होगा। सीवाईपी का अभ्यास सभी आयुष सुविधाओं जैसे शैक्षणिक संस्थानों, अस्पतालों आदि में किया जाएगा। प्रत्येक राज्य का एक आयुष ग्राम भी सीवाईपी अभ्यास में भाग लेगा और इसके लिए चिन्हित गाँव में योग प्रशिक्षक नियुक्त किए जा रहे हैं ताकि सम्पूर्ण योग ग्राम का दर्जा प्राप्त किया जा सके। इसका अंतिम उद्देश्य ग्रामीण और सुदूरवर्ती इलाकों में हर आंगन योग के लक्ष्य को हासिल करना है। इसके लिए भारत में 2 लाख से अधिक गांवों में लोगों को कॉमन योग प्रोटोकॉल (सीवाईपी) में प्रशिक्षित करने का प्रावधान किया गया है। इस वर्ष, अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर हमारे माननीय प्रधानमंत्री न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में योग प्रदर्शन की अगुवाई करेंगे। मुझे यकीन है कि इससे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर योग को बड़ा समर्थन मिलेगा। साथ ही, इस वर्ष अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का मुख्य कार्यक्रम 21 जून को मध्य प्रदेश के जबलपुर में होगा। भारत के माननीय उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ गैरीसन मैदान, जबलपुर में सामूहिक योग प्रदर्शन की अगुवाई करेंगे। मध्य प्रदेश के राज्यपाल मंगूभाई पटेल, मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, आयुष राज्य मंत्री डॉ. मुंजपारा महेन्द्रभाई, और अन्य गणमान्य व्यक्ति भी इसमें शामिल होंगे।

जैसे–जैसे हम अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2023 उत्सव की ओर आगे बढ़ रहे हैं, हर मिनट, हर क्षण और योग से जुड़ा हर स्थान उच्च स्तर का महत्व प्राप्त कर रहा है। आईडीवाई 2023 को शानदार तरीके से सफल बनाने के लिए हममें से प्रत्येक को एक भूमिका निभानी है। कुछ समय निकालें और खुद को योग की रोग निवारक और उपचारात्मक शक्ति में तल्लीन कर लें, जैसा कि मैं स्वयं प्रतिदिन करता हूं। मेरा यकीन मानिए, इस वर्ष का आईडीवाई विशेष है क्योंकि योग में वसुधैव कुटुम्बकम की शक्ति निहित है।

(लेखक केन्द्रीय आयुष और पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री हैं)

एआई से मोदी के लौह नेतृत्व का जयकारा

हरिशंकर व्यास

दूसरा मुद्दा नरेंद्र मोदी के मजबूत और निर्णायक नेतृत्व का होगा। वैसे भी देश में यह नैरेटिव बनाया जा चुका है कि मोदी नहीं तो कौन? क्या फलां को बना दें, जो पप्पू है या फलां को बना दे, जो भ्रष्ट है? या फलां को बना दे, जो परिवारवादी है? इन सवालों से मोदी के नेतृत्व को सबसे ऊपर स्थापित किया गया है। उनकी विश्वगुरू की छवि बनाई गई है। इस महीने अमेरिका की उनकी यात्रा से उनके विश्वगुरू होने का जो प्रचार होगा वह किसी न किसी रूप में अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव तक चलता रहेगा।

प्रधानमंत्री मोदी अगले सप्ताह अमेरिका के चार दिन के दौरे पर जा रहे हैं। इस दौरान जो कार्यक्रम होना है वह अद्भुत है। राष्ट्रपति जो बाइडेन और उनकी पत्नी जिल बाइडेन ने 21 जून को मोदी के लिए अपने घर पर यानी व्हाइट हाउस में रात्रिभोज का आयोजन किया है। प्रधानमंत्री मोदी अमेरिकी कांग्रेस के दोनों सदनों के साझा सत्र को संबोधित करेंगे। वे अपने नौ साल के कार्यकाल में दूसरी बार ऐसा करने वाले हैं। 22 जून को प्रधानमंत्री मोदी के सम्मान में स्टेट डिनर का आयोजन होगा। इस यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री मोदी 21 जून को संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय के सामने विश्व योग दिवस के मौके पर होने वाले कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे। वे चार दिन की इस यात्रा में वाशिंगटन में भारतीय मूल के लोगों को भी संबोधित करेंगे। इस दौरान हजारों करोड़ रुपए के हथियार खरीदने का करार अमेरिका से होगा। चार दिन के इस कार्यक्रम का प्रचार अभी से शुरू हो गया है। भाजपा और मीडिया दोनों के लिए यह बहुत बड़ा इवेंट होगा।

वैसे सचमुच मोदी की अमेरिकी यात्रा ऐतिहासिक है। भारत का रूस तथा चीन से पिंड छूट रहा है। जैसा मैं लिखता आ रहा हूं कि पश्चिमी देशों को चीन–रूस के काउंटर में येन केन प्रकारेण भारत को अपने पाले में लेना है भले इसके लिए नरेंद्र मोदी की महिमा बनाने के लिए जी–7 ग्रुप के नेता किसी भी सीमा तक जाएं। इसलिए वाशिंगटन में भारत से करीबी बताने की हर कवायद होगी। भारत को भरोसेमंद मान अमेरिका अरबों डॉलर के हथियार व आधुनिक तकनीक बेचने को तैयार हो गया है। मैं पश्चिमी सभ्यता व भारत के साझे का पक्षधर रहा हूं सो मैं मोदी की इस यात्रा को विदेश नीति का ठोस टर्निंग प्वांइट मानता हूं। संभवयता यह पीवी नरसिंह राव, डॉ. मनमोहन सिंह के बनाए रोडमैप की आखिरी व स्थायी मंजिल हो।

और ऐसा होना नरेंद्र मोदी की मजबूत व विश्व नेता होने की तूताड़ी के नए राग का आंरभ होगा। वे अमेरिका से लौटेंगे तो भारत में उनका वैसे ही भव्य स्वागत होगा, जैसा पिछले दिनों ऑस्ट्रेलिया से लौटने के बाद हुआ था। उसके बाद भारत की मेजबानी में होने वाली जी–20 की बैठक के प्रचार का अभियान चलेगा। सितंबर में दुनिया भर के तमाम शक्तिशाली मुल्कों के नेता भारत में जुटेंगे। अमेरिकी राष्ट्रपति से लेकर फ्रांस के राष्ट्रपति और ब्रिटेन, जापान, कनाडा के प्रधानमंत्री से लेकर चीन के राष्ट्रपति शी जिनफिंग तक सबको एक साथ भारत में मौजूद रहना है। हिसाब से यह एक सामान्य– मामूली प्रक्रिया है। पिछले साल सारे नेता इंडोनेशिया में जुटे थे। लेकिन भारत में इन नेताओं के आने का प्रचार ऐसा होगा, जैसे मोदी के प्रताप से सारे नेता भारत की धरती पर उतरे हैं। मोदी के विश्व गुरू होने की छवि में चार चांद वाला कार्यक्रम होगा। सितंबर में इस कार्यक्रम के समापन के बाद पांच राज्यों में चुनाव अभियान शुरू हो जाएगा, जिसमें प्रचार की पूरी थीम शक्तिशाली भारत और विश्वगुरू नरेंद्र मोदी के ऊपर केंद्रित होगी। इन चुनावों के प्रचार से जो माहौल बनेगा वह अगले साल के लोकसभा चुनाव तक मशीनी दिमाग, एआई प्राडक्टों से फैलेगा। साथ ही अमृतकाल का नैरेटिव बनाया जाएगा।

बिपरजॉय : धीरोदात्त नायक के रूप में उभरे प्रधानमंत्री मोदी

> पिछले लगभग एक दशक में भारत के विभिन्न क्षेत्र में आये चक्र्रवातों से जनहानि को रोकने के भरपूर प्रयास हुए हैं। कुछ खतरनाक चक्र्रवातों में जनहानि भी हुई। लेकिन बिपरजॉय चक्र्रवात से निपटने के लिये जो अग्रिम व्यवस्थाएँ सुनिश्चित की गई उसमें जन–सुरक्षा को प्राथमिकता पर रखा गया। जैसा कि मौसम विभाग के पूर्वानुमान के मुताबिक भारत के कई राज्यों में तेज हवाओं के साथ बारिश भी हो सकती थी। इन परिस्थितियों को देखते हुए प्रभावी कार्य–योजना बना कर संबंधित राज्यों में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये। मेरा मानना है कि इन तमाम व्यवस्थाओं के चलते बिपरजॉय के प्रभाव से होने वाली जनहानि को रोका जा सका।

शिवराज सिंह चौहान

भारत में प्रायः हर साल चक्रवात तूफान आते रहते हैं चाहे अरब सागर में हों या बंगाल की खाड़ी में। आम तौर पर, चक्रवात कम दबाव वाले क्षेत्र के आसपास वायुमंडलीय गड़बड़ी से उत्पन्न होते हैं। चक्रवातों के बाद आमतौर पर भयंकर तूफान और खराब मौसम आते हैं। यदि हम पिछले 2 से 3 दशक की घटनाओं पर नजर डालें तो भारत को जिन–जिन खतरनाक तूफानों का सामना करना पड़ा, उसमें जान–माल की हानि के साथ बड़ी संख्या में जनहानि भी उठानी पड़ी। इसके विपरीत हाल ही में गुजरात में आये चक्रवात बिपरजॉय की सूचना मिलने पर केन्द्र और राज्य सरकार द्वारा एहतियातन की गई तैयारियों ने कम से कम जनहानि को तो बचा लिया।

आपदाओं में घर के जो मुखिया जिस सतर्कता, धीरज, विवेक और गंभीरता का परिचय देकर संकट की भयावहता को शून्य करने में सफल होते हैं, वही इतिहास में धीरोदात्त नायक के रूप में स्थापित होते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पिछले नौ सालों के कार्यकाल में यह बार–बार सिद्ध हो चुका है कि वे किसी भी संकट से देशवासियों की प्राण–रक्षा के लिये आपदा में धैर्य नहीं खोते और सुविचारित रणनीतियों के साथ मुकाबला करते हैं; चाहे वह चक्रवात हो, अन्यस प्राकृतिक संकट हों या अतिवृष्टि और बाढ़, देश की सुरक्षा और अखंडता को कोई खतरा हो या कोविड–19 जैसी वैश्विक महामारी हो। अपनी कार्य–योजनाओं से वे जनहानि और अन्य नुकसान की रोकथाम का बेहतर प्रबंधन करने में कामयाब रहे हैं।

हालिया चक्रवात बिपरजॉय से निपटने में भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मार्गदर्शन और रणनीतियाँ कारगर सिद्ध हुईं। उन्होंने बिपरजॉय के संकट से निबटने के लिए शासनिक और प्रशासनिक मशीनरी को समय पूर्व सजग किया। स्वयं, केंद्र और गुजरात की एजेंसियों के साथ उच्च स्तरीय बैठक कर चक्रवात के प्रभावी क्षेत्र के रहवासियों को सुरक्षित स्थानों पर पहुँचाना और बिजली, पानी, स्वास्थ्य और दूरसंचार जैसी आवश्यक व्यवस्थाओं के रख–रखाव को सुनिश्चित किया गया। प्रधानमंत्री ने पशुओं की सुरक्षा भी सुनिश्चित की, जो उनकी संवेदनशीलता का प्रमाण है। प्रधानमंत्री के निर्देशों का परिणाम ही रहा कि चक्रवात से निबटने की तैयारियों के अहम् अंग नियंत्रण कक्षों ने दिन–रात कार्य किया और कर रहे हैं।

पिछले लगभग एक दशक में भारत के विभिन्न क्षेत्र में आये चक्रवातों से जनहानि को रोकने के भरपूर प्रयास हुए हैं। कुछ खतरनाक चक्रवातों में जनहानि भी हुई। लेकिन बिपरजॉय चक्रवात से निपटने के लिये जो अग्रिम व्यवस्थाएँ सुनिश्चित की गई उसमें जन–सुरक्षा को प्राथमिकता पर रखा गया। जैसा कि मौसम विभाग के पूर्वानुमान के मुताबिक भारत के कई राज्यों में तेज हवाओं के साथ बारिश भी हो सकती थी। इन परिस्थितियों को देखते हुए प्रभावी कार्य–योजना बना कर संबंधित राज्यों में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये। मेरा मानना है कि इन तमाम व्यवस्थाओं के चलते बिपरजॉय के प्रभाव से होने वाली जनहानि को रोका जा सका।

कैसे हो पाता है यह सबःजैसा कि हम जानते हैं कि भारत में लगभग 58 प्रतिशत भू–भाग सामान्य से लेकर बहुत अधिक तीव्रता वाला भूकंप संभावित क्षेत्र है और 40 मिलियन हेक्टेयर से ज्यादा क्षेत्र यानी देश के 12 प्रतिशत भू–भाग में बाढ़ की संभावना बनी रहती है। हमारे यहाँ 7516 किलोमीटर तक तटीय क्षेत्र में लगभग 5700 किलोमीटर क्षेत्र चक्रवात और सुनामी संभावित क्षेत्र है। प्रधानमंत्री जी ने इन सब बातों का ख्याल रखते हुए ही आपदा प्रबंधन की रणनीतियों पर बहुत ध्यान दिया है ताकि आपदा से प्रभावित होने वाले गरीब लोगों को जान–माल का नुकसान न हो।

प्रधानमंत्री जी ने आपदा प्रबंधन की जो रणनीति अपनाई है उसमें पहला और सबसे महत्वपूर्ण बिंदु है आपदा के पूर्व प्रबंधन और तैयारी। इसके बाद भी आपदा घटित हो और तैयारियाँ नाकाफी साबित हों और आपदा से नुकसान हो जाए तो पुनर्वास की पूरी तैयारी। पुनर्वास के बाद पुनर्निर्माण और सामान्य स्थिति की बहाली। प्रधानमंत्री जी ने इन सभी बिन्दुीओं को एक साथ अपनी प्रबंधन रणनीति में पिरोया है। उनके प्रयासों से आज हमारे देश में आपदा प्रबंधन अनिवार्य रुप से विकास की प्रक्रिया में शामिल है।

इसके अलावा प्रधानमंत्री जी ने आपदा प्रबंधन से जुड़े सभी मंत्रालयों की भूमिका को और ज्यादा सुदृढ़ बनाया है। परमाणु ऊर्जा, नागरिक उड्डयन, भू–विज्ञान, पर्यावरण एवं वन, गृह, स्वास्थ्य, रेल, अंतरिक्ष और जल संसाधन जैसे मंत्रालयों को उन्होंने आपदाओं के प्रबंधन की तैयारियों से जोड़े रखा है।

प्रधानमंत्री ने आपदाओं के पूर्वानुमान और चेतावनी देने वाली प्रणालियों को आधुनिकतम बनाने और नवीनतम प्रणालियों के उपयोग करने पर भी जोर दिया है, जिससे सभी संबंधित एजेंसियाँ अपनी सक्रिय भूमिका निभाते हुए आपदाओं के पूर्वानुमान के प्रति सचेत रहती है। विश्व मौसम विज्ञान संगठन, पैसिफिक सुनामी चेतावनी प्रणाली और अन्य क्षेत्रीय एवं ग्लोबल संस्थाओं के साथ भी श्री मोदी का निरंतर संपर्क बना रहता है।

मैं, मध्यप्रदेश के नागरिकों की ओर से प्रधानमंत्री श्री मोदी का हृदय से अभिनंदन करता हूँ, जिनकी दूरदृष्टि और प्रभावी रणनीति से देशवासियों को सुरक्षा कवच के साथ सुख–समृद्धि का साथ भी मिला है।

ब्लागर मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री हैं।

भारत नेपाल सम्बन्धः कितना खतरा?

अजय दीक्षित

भारत और नेपाल के सम्बन्ध ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक रहे हैं, लिहाजा रोटी और बेटी के रिश्ते स्वाभाविक हैं। नेपाल प्राचीन अखंड भारत का ही एक हिस्सा था, लेकिन अब नेपाली राजनीतिज्ञ और आम नागरिक भी इस ऐतिहासिकता से चिढ़ते हैं। अब मानचित्र के आधार पर भी रिश्तों के विश्लेषण किए जा रहे हैं। बल्कि भारत के ही कुछ हिस्सों पर नेपाल आजकल दावा जताने लगा है। यह एक नई किस्म का विवाद पैदा किया जा रहा है। नेपाल का अस्तित्व, भारत के बिना, आधा–अधूरा और डांवाडोल है, यह सोच और अनुभव करने के बाद नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल प्रचंड भारत आए हैं। बीती दिसंबर में एक बार फिर प्रधानमंत्री बनने के बाद प्रचंड ने अपना पहला विदेशी प्रवास भारत में किया है। प्रचंड का यह दौरा द्विपक्षीय संबंधों और संवाद की तुलना में कहीं ज्यादा अहम है, क्योंकि 2008 में पहली बार नेपाली प्रधानमंत्री बनने के बाद प्रचंड की प्राथमिकता चीन की ओर थी। शायद कम्युनिस्ट होने के कारण भी उनकी सोच चीन केंद्रित थी, लेकिन तब से लेकर आज तक भारत–नेपाल–चीन के समीकरण पूरी तरह बदल चुके हैं। भारत और चीन के संबंधों में कड़वाहट है। तनाव है। 2020 में लद्दाख की गलवान घाटी के संघर्ष के बाद टकराव और ज्यादा बढ़ा है। दोनों पक्षों के हजारों सैनिक लंबे अंतराल से एक– दूसरे के सामने तैनात हैं। चीन घुसपैठ और अतिक्रमण से बाज नहीं आ रहा है। नेपाल लगातार महसूस करता रहा है कि वह दो महाकाय और शक्तिशाली पड़ोसियों के बीच फंस गया है। एक और समीकरण नई मुश्किलें और पेचीदगियां पैदा कर रहा है। नेपाल, अमरीका और चीन के बीच नए रणनीतिक युद्धक्षेत्र के तौर पर उभर रहा है। अमरीका ने नेपाल को 50 करोड़ डॉलर का अनुदान दिया है, लेकिन नेपाल ने बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव आदि के तहत चीन के साथ जिन परियोजनाओं के समझौतों पर हस्ताक्षर कर रखे हैं, अब उन्हें यथाशीघ्र पूरा करने का दबाव चीन बढ़ा रहा है। नेपाल इसे नजरअंदाज नहीं कर सकता, क्योंकि उसकी भौगोलिक स्थिति ऐसी है कि दिल्ली और बीजिंग से अच्छे और निर्बाध संबंध बरकरार रखना काठमांडू की मजबूरी है। प्रधानमंत्री प्रचंड इन तमाम परिस्थितियों के मद्देनजर भारत आए हैं। इस प्रवास के दौरान दोनों देशों ने सात महत्वपूर्ण समझौतों पर हस्ताक्षर किए हैं। बेशक नेपाल भारत का सहोदर– सा है, लिहाजा 1950 से भारत–नेपाल मैत्री एवं शांति संधि दोनों पक्षों के संबंधों का आधार है, लेकिन कुछ फैसलों और रणनीति के मद्देनजर भारत चौकस है। प्रधानमंत्री मोदी ने 2014 में पदभार संभालने के तीन माह बाद ही नेपाल का दौरा किया था।

बिपरजॉय ने 105 साल का रिकॉर्ड तोड़ा, राजस्थान में पहली बार मॉनसून से पहले बाढ़ जैसी स्थिति

जयपुर (एजेंसी)। चक्रवात बिपरजॉय के कारण राजस्थान के कई इलाकों में जोरदार बारिश हुई है। इसने कई रिकॉर्ड को भी तोड़ दिया। राजस्थान में पहली बार मॉनसून से पहले बाढ़ जैसी स्थिति बनी है। जयपुर आईएमडी के निदेशक राधेश्याम शर्मा के अनुसार, बिपरजॉय चक्रवात ने जून के महीने में अजमेर में बारिश के 105 साल पुराने रिकॉर्ड को तोड़ दिया है। 17 जून, 1917 को, अजमेर में एक ही दिन में कुल 119.4 मिमी वर्षा दर्ज की गई थी, जो जून महीने में सबसे अधिक थी।

राधेश्याम शर्मा ने बताया कि रविवार सुबह 8.30 बजे से सोमवार की सुबह 8.30 बजे तक 24 घंटे के अंतराल में अजमेर में 131.8 मिमी बारिश होने के बाद यह रिकॉर्ड टूट गया। चार दिनों में चक्रवात बिपरजॉय के कारण कई इलाकों में बारिश हुई है, जिससे बाड़मेर, पाली, राजसमंद, भीलवाड़ा और अजमेर में बाढ़ आ गई है। पिछले 24 घंटे में पाली के मुथाना में 530 मिमी बारिश हुई। दूसरी तरफ बूंदी, अजमेर, भीलवाड़ा के कई गांवों में बिजली नहीं है। मौसम विभाग ने कोटा, बारां–सवाई माधेपुर में मंगलवार के लिए रेड अलर्ट जारी किया। 17 जून को शहर में 91.3 मिमी बारिश दर्ज करने के बाद जोधपुर में 12 साल का रिकॉर्ड भी टूट गया। पिछला रिकॉर्ड 28 जून 2016 को बना था, जब लगभग 74 मिमी बारिश हुई थी।

बेंगलुरु, दक्षिण कर्नाटक में भारी बारिश की चेतावनी

बंगलुरू (एजेंसी)। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने मंगलवार से बेंगलुरु और कर्नाटक के दक्षिणी हिस्सों में भारी बारिश की चेतावनी दी है। आईएमडी के अनुसार, बेंगलुरु शहर, बेंगलुरु ग्रामीण, चामराजनगर, चिक्काबल्लापुरा, चिक्कमगलुरु, चित्रदुर्ग, दावणगेरे, हासन, कोडागु, कोलार, मैसूरु, रामनगर, शिवमोग्गा, तुमकुरु और विजयनगर जिलों में भारी बारिश होगी। बीदर, धारवाड़, गडग, रायचूर, कोप्पल, यादगीर के उत्तरी आंतरिक जिलों में भी बारिश होगी। दक्षिण कन्नड़, उत्तर कन्नड़ और उडुपी के तटीय जिलों में भी बारिश होने की संभावना है। बेंगलुरु में मंगलवार सुबह हल्की बूंदाबांदी के साथ बादल छाए रहे। कोलार जिले में सोमवार को भारी बारिश हुई, जिससे आम की फसल प्रभावित हुई।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु का 65वां जन्मदिन आज, मोदी ने ट्वीट कर दी बधाई

नई दिल्ली (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को उनके 65वें जन्मदिन पर बधाई दी। उन्होंने एक ट्वीट में कहा, राष्ट्रपति जी को जन्मदिन की बधाई। हमारे लोगों के कल्याण के लिए ज्ञान, गरिमा और प्रतिबद्धता की एक किरण, देश की प्रगति को आगे बढ़ाने के उनके प्रयासों के लिए उनकी प्रशंसा की जाती है। उनका समर्पण हम सभी को प्रेरित करता है। उनके अच्छे स्वास्थ्य और लंबे जीवन की कामना करता हूं।

बिहार में ट्रक ने ऑटो को मारी ठोकर, तीन की मौत

मुजफ्फरपुर (एजेंसी)। बिहार के मुजफ्फरपुर जिला के बरूराज थाना क्षेत्र में सोमवार की देर रात एक अनियंत्रित ट्रक कंटेनर ने यात्रियों से भरे एक ऑटो को ठोकर मार दी। इस दुर्घटना में तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य लोग घायल बताए जा रहे हैं। पुलिस के एक अधिकारी ने मंगलवार को बताया कि साहेबगंज का एक परिवार एक बच्चे का इलाज कराने मुजफ्फरपुर आया था।

उत्तर रेलवे ने यात्रियों की सुविधा के लिए खोले 27 अतिरिक्त बुकिंग काउंटर

दिल्ली : उत्तर रेलवे ने वित्त वर्ष 2022-2023 में रेल नीर की 1090 लाख बोतलों की रिकॉर्ड आपूर्ति की। ग्रीष्मावकाश 2023 में मांग को पूरा करने के लिए 54 प्रतिशत अधिक आपूर्ति पिछले वर्ष की तुलना में दिल्ली क्षेत्र में अप्रैल और मई, 2023 में रेल नीर की बिक्री में 13 प्रतिशत की अतिरिक्त वृद्धि दर्ज की गई

ग्रीष्मावकाश–2023 की तैयारियों के मद्देनजर, उत्तर रेलवे ने यात्री सुविधा और प्रभावी भीड़भाड़ प्रबंधन सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न उपाय किये हैं। निर्बाध यात्रा अनुभव और यात्रियों के लिए रेल टिकटों की खरीद को सुगम बनाना सुनिश्चित करने के लिए उत्तर रेलवे के विभिन्न स्टेशनों पर 27 अतिरिक्त बुकिंग काउंटर खोले गए हैं। दिल्ली मंडल के नई दिल्ली में चार, दिल्ली में पांच, आनंद विहार टर्मिनल में तीन, हजरत निजामुद्दीन में दो, मुरादाबाद मंडल के शाहजहांपुर जंक्शन में दो, लखनऊ वाराणसी जंक्शन में दो, लखनऊ में एक, फिरोजपुर अमृतसर जंक्शन में एक, जम्मू तवी में चार, जलंधर सिटी में एक, श्रीमाता वैष्णो देवी कटड़ा में एक अतिरिक्त काउंटर खोला गया है। रेल यात्रियों के लिए बोतलबंद पेयजल की उपलब्धता को बेहतर बनाने के लिए, उत्तर रेलवे ने वित्तीय वर्ष 2021-2022 की तुलना में इस वित्तीय वर्ष 2022-2023 में रेल नीर में 54 प्रतिशत की अधिक आपूर्ति की है। वर्तमान में, उत्तर रेलवे के चार रेल नीर प्लांटों अर्थात दिल्ली में नांगलोई, हिमाचल प्रदेश में ऊना और उत्तर प्रदेश में हापुड़ और अमेठी से रेल नीर की आपूर्ति की जा रही है। इन चारों रेल नीर प्लांटों की कुल उत्पादन क्षमता 4.12 लाख बोतल प्रतिदिन है। वित्तीय वर्ष 2022-2023 में रेल नीर की 1090 लाख बोतलों की रिकॉर्ड आपूर्ति की जिससे उत्तर रेलवे मौजूदा ग्रीष्मावकाश के दौरान पेयजल की बढ़ती मांग को पूरा करने में मदद कर रही है। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2021-2022 के दौरान रेल नीर की 590 लाख बोतलों आपूर्ति की गई थी। मौजूदा वित्तीय वर्ष 2023-2024 के दौरान भी, अप्रैल और मई माह में दिल्ली क्षेत्र के प्रमुख स्टेशनों अर्थात् नई दिल्ली, दिल्ली जं0, हजरत निजामुद्दीन और आनंद विहार टर्मिनल पर 79.43 लाख बोतलों की रिकॉर्ड बिक्री दर्ज की गई है जोकि पिछले वर्ष की इसी अवधि की 70.47 लाख बोतलों की तुलना में 13 प्रतिशत अधिक है। उत्तर रेलवे के सभी प्रमुख स्टेशनों पर अधिकारियों की चौबीसों धण्टे तैनाती की गई है ताकि बोतलबंद पेयजल सहित अन्य खान–पान सामग्री की कोई कमी ना हो सके। उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक शोभन चौधुरी ने सभी मण्डलों को निर्देश दिए हैं कि वे अपने ग्राहकों को सुरक्षित, सुगम और बेहतर सेवाएं उपलब्ध कराएं। (एजेंसी)

बांध टूटने से प्रभावित यूक्रेनी क्षेत्रों में पानी दूषित : स्वास्थ्य मंत्रालय

कीव (एजेंसी)। यूक्रेन के स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा है कि 6 जून को रूस नियंत्रित नोवा कखोवका बांध के ढहने से प्रभावित क्षेत्रों में पानी अत्यधिक दूषित बना हुआ है। सोमवार को जारी एक बयान में, मंत्रालय ने कहा, खेरसॉन, ओडेसा और मायकोलाइव क्षेत्रों के जलाशयों में मानक से अधिक प्रदूषण है। ओडेसा क्षेत्र में सबसे अधिक समस्या है।मंत्रालय ने लोगों से तैराकी और मछली न पकड़ने का आग्रह किया है।रविवार को, ओडेसा नगरपालिका ने घोषणा की कि ढह गए बांध से गंदा पानी नीचे की ओर बह जाने के बाद क्षेत्र में समुद्र तटों को बंद कर दिया गया।सीएनएन ने नगर पालिका के हवाले से कहा, ओडेसा के समुद्र तटों को तैराकी के लिए अनुपयुक्त घोषित किया गया है।बांध के ढहने से गांवों का विनाश हुआ, खेतों में बाढ़ आ गई और बिजली के साथ–साथ हजारों लोगों को साफ पानी की आपूर्ति बंद हो गई।

कनाडा में नदी किनारे मिला लापता भारतीय छात्र का शव

टोरंटो , (एजेंसी)। कनाडा पुलिस को नदी किनारे से एक भारतीय युवक का शव बरामद हुआ है। बताया जा रहा है कि यह युवक गुजरात का रहने वाला है। पिछले सप्ताह 20 वर्षीय छात्र पश्चिमी मैनिटोबा शहर से लापता हुआ था। पुलिस ने बताया कि रविवार को ब्रैंडन शहर के पूर्व में राजमार्ग 110 पुल के पास एसिनिबोइन नदी के किनारे से 20 वर्षीय विश्व पटेल का शव बरामद हुआ था। बता दें कि युवक की पहचान की अभी तक कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। जानकारी के मुताबिक युवक के रिश्तेदारों ने 16 जून की सुबह युवक के लापता होने की सूचना दी थी।

युवक वीडियो सर्विलांस में ग्रे कलर की होंडा सिविक से घर से बाहर जाता दिख रहा है। बता दें कि जिस दिन युवक लापता हुआ था। उसी शाम पुलिस को वाहन स्थानीय होम डिपो की पार्किंग में मिला था।एक चश्मदीद ने पुलिस को बताया कि उन्होंने विश्व पटेल को रिवरबैंक डिस्कवरी सेंटर मैदान की ओर जाते हुए देखा था। बचाव अभियान के चलते 17 जून को पुलिस ने जनता से अपील करते हुए कहा कि वह रिवरबैंक क्षेत्र में न जाएं।जानकारी के मुताबिक 18 जून की शाम परिवार वालों को एसिनिबोइन नदी और राजमार्ग 110 पुल के पास से युवक के कपड़े मिले। सूचना पाकर आपातकालीन सेवा कर्मियो ने युवक का शव बरामद किया।एक बयान में कहा गया है कि मामले की तफतीश पूरी न होने तक मेडिकल परीक्षक कार्यालय अपनी जांच जारी रखेगा।एक पारिवारिक मित्र ने बताया कि गुजरात के रहने वाले पटेल पिछले कुछ वर्षों से एक अंतरराष्ट्रीय छात्र के रूप में एसिनिबोइन कम्युनिटी कॉलेज में थे।

2024 से पहले बीजेपी एक्टिव, सांसदों को फॉर्म जारी कर पूछा– बताओ अब तक कितना काम किया

नई दिल्ली (एजेंसी)। लोकसभा चुनाव में अभी करीब सालभर का समय बचा हुआ है, लेकिन केंद्र में सत्तारुढ़ भारतीय जनता पार्टी अभी से सक्रिय हो गई है और सांसदों का लेखा–जोखा तैयार करने में जुट गई है। बीजेपी ने अब सभी सांसदों को 2 पन्नों के नोट्स के साथ 3 फॉर्म भेजा है, जिसमें पूछा गया है कि महाजनसंपर्क अभियान के दौरान आपने कितना काम किया और कितने घरों तक पहुंच रही। इस फॉर्म को भरकर सांसदों को प्रदेश कार्यालय या फिर दिल्ली में संसदीय कार्यालय में जमा कराना होगा।

सांसदों से इस फॉर्म के जरिए पूछा गया है कि महाजनसंपर्क अभियान में सांसद कितने घरों तक पहुंचे और उन्होंने अपने–अपने क्षेत्रों में कितना काम किया है। साथ ही उन्हें आगे के टारगेट भी दिए गए हैं। इस रिपोर्ट की 2024 के आम चुनाव में टिकट बंटवारे में भी अहम भूमिका रहेगी।सांसदों को अपने–अपने लोकसभा क्षेत्र में 100–100 सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर की लिस्ट भी भेजनी है। इनका सम्मेलन कराना है। इसमें यह भी बताना है कि कितने इन्फ्लुएंसर बीजेपी के लिए अच्छा लिखते हैं, कितने खराब और कितने लोग तटस्थ रहते हैं।इसके अलावा सभी सांसदों को अपनी लोकसभा सीट में 1000 विशिष्ट लोगों की लिस्ट देनी होगी। इनमें पद्म पुरस्कार विजेता, खिलाड़ी, टीचर, डॉक्टर और शहीद परिवार के लोग शामिल हों। साथ ही उन्हें अपने क्षेत्र में 40 से 50 कार्यकर्ताओं की टीम तैयार करनी है। हर एक कार्यकर्ता को रोजाना सुबह 20 और शाम को 20 यानी दिनभर में कम से कम 40 लोगों से संपर्क करना है।

केंद्र सरकार देगी 46 फीसदी डीए, अब होगी वेतन में इतनी बढ़ोतरी


केंद्रीय कर्मियों और पेंशनरों के लिए खुशखबरी!
सीपीआई और सीएफपीआई के आंकड़े बता रहे हैं, 4 फीसदी की दर से मिलेगा महंगाई भत्ता
46 फीसदी हो जाएगी महंगाई भत्ते की दर, अगस्त से पहले सरकार कर सकती है घोषणा

नई दिल्ली, एजेंसी। केंद्र सरकार ने अपने कर्मचारियों के 'महंगाई भत्ते' और पेंशनरों के लिए 'महंगाई राहत' की दरों में वृद्धि करने की तैयारी कर ली है। मौजूदा समय में केंद्रीय कर्मचारियों को 42 फीसदी की दर से महंगाई भत्ता मिल रहा है। अखिल भारतीय उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) और उपभोक्ता खाद्य मूल्य सूचकांक (सीएफपीआई) के तहत जारी आंकड़े बता रहे हैं कि कर्मियों को चार फीसदी की दर से महंगाई भत्ता मिलेगा। इसके बाद कर्मियों के महंगाई भत्ते की दर 46 फीसदी हो जाएगी। सरकार के सूत्रों का कहना है कि इस बार डीए/डीआर की घोषणा होने में ज्यादा देरी नहीं होगी। ऐसी संभावना है कि अगस्त से पहले ही केंद्र सरकार यह घोषणा कर देगी।

पिछली बार डीए/डीआर की दर मार्च में 38 से 42 फीसदी की गई थी। केंद्रीय कैबिनेट की बैठक के बाद केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने यह घोषणा करते हुए कहा था कि इससे केंद्र के 12815 करोड़ रुपये खर्च होंगे। उस वक्त किसी कर्मचारी का वेतन 18 हजार रुपये था और उसके डीए में चार फीसदी की वृद्धि हुई, तो 42 प्रतिशत महंगाई भत्ते के हिसाब से उसके वेतन में प्रति माह लगभग 720 रुपये बढ़ गए थे। इसी तरह एक लाख रुपये मूल वेतन पाने वाले कर्मियों को हर माह 4000 रुपये से ज्यादा का फायदा हुआ।

अगर किसी कर्मचारी का मूल वेतन 18 हजार रुपये है, तो 46 फीसदी महंगाई भत्ते के हिसाब से उसके वेतन में हर माह लगभग 720 रुपये बढ़ जाएंगे। यानी अब डीए की कुल राशि 8280 रुपये होगी। जिन कर्मियों को का मूल वेतन 25 हजार रुपये है, तो उन्हें प्रतिमाह 1000 रुपये का फायदा होगा।

46 फीसदी के हिसाब से उनका डीए 11500 रुपये हो जाएगा। जिस कर्मी की बेसिक सेलरी 35 हजार रुपये है, तो उसे प्रतिमाह 1400 रुपये ज्यादा मिलेंगे। 46 फीसदी के हिसाब से उसका डीए 20700 रुपये होगा। ऐसे कर्मी, जिन्हें 52 हजार रुपये की बेसिक सेलरी मिलती है, डीए बढ़ोतरी पर उन्हें हर माह 2080 रुपये से ज्यादा का लाभ होगा। 46 फीसदी के हिसाब से डीए राशि 23920 हो जाएगी। इसके अलावा 70 हजार रुपये की बेसिक सेलरी वाले कर्मचारी को लगभग 2800 रुपये का फायदा होगा। 46 फीसदी के हिसाब से डीए की राशि 32200 रुपये होगी।

किसी कर्मचारी की सेलरी 85,500 रुपये है, तो 46 फीसदी डीए के हिसाब से उसे 3420 रुपये का इजाफा होगा। 46 फीसदी के हिसाब से वह राशि 39330 रुपये हो जाएगी। डीए की दर 46 फीसदी होने के बाद एक लाख रुपये की बेसिक सेलरी वाले कर्मियों के खाते में हर माह 4000 रुपये से अधिक की बढ़ोतरी होगी।

46 फीसदी के हिसाब से डीए राशि 46000 रुपये हो जाएगी। सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (एमओएसपीआई) के राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) द्वारा हाल ही में अखिल भारतीय उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) के आंकड़े जारी किए गए हैं। उपभोक्ता खाद्य मूल्य सूचकांक (सीएफपीआई) के तहत महंगाई दर भी बताई गई है।

सूचकांक के मुताबिक, अप्रैल 2023 (अंतिम) के तहत सीपीआई (सामान्य) में ग्रामीण क्षेत्रों का आंकड़ा 178.8 फीसदी, शहरी क्षेत्र का 177.4 और संयुक्त 178.1 फीसदी रहा है।

अगर इसकी तुलना मई 2023 (अस्थायी) के ग्रामीण क्षेत्र की बात करें, तो वह आंकड़ा 179.7 और शहरी क्षेत्र में 178.1 फीसदी रहा है। संयुक्त तौर पर यह संख्या 179.0 रही है। सीएफपीआई के तहत, अप्रैल 2023 में ग्रामीण क्षेत्रों का आंकड़ा 173.7 फीसदी, शहरी क्षेत्र का 180.0 और संयुक्त 175.9 फीसदी रहा है। मई 2023 (अस्थायी) के आंकड़े बताते हैं, ग्रामीण क्षेत्र में सीएफपीआई 174.9 रहा है। शहरी क्षेत्र में 181.1 फीसदी और संयुक्त तौर पर यह संख्या 177.1 रही है।

अयोध्या राम मंदिरः जल्द कर सकेंगे रामलला के दर्शन, प्राण प्रतिष्ठा की तारीख घोषित

अयोध्या, एजेंसी। लखनऊ, एजेंसी। देश–दुनिया के रामभक्तों के लिए एक बड़ी खुशखबरी है। श्रीरामजन्मभूमि परिसर में निर्माणाधीन राममंदिर जनवरी 2024 में खुल जाएगा। 24 जनवरी से भव्यगर्भगृह में रामलला का दर्शन भक्तों को मिलने लगेगा। रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का उत्सव मकर संक्रांति से शुरू होगा। भव्य गर्भगृह में रामलला को विराजित करने पीएम नरेंद्र मोदी भी अयोध्या आएंगे।

161 फीट ऊंचे दिव्य–भव्य राममंदिर में रामलला के प्राणप्रतिष्ठा की तिथि सामने आ गयी है। एक न्यूज चैनल को दिए गए साक्षात्कार में राममंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र ने बताया है कि दिसंबर 2023 तक राममंदिर भक्तों के दर्शन लायक बन जाएगा। तीन मंजिला राम मंदिर के भूतल का काम पूरा हो चुका है। बताया कि श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ ट्रस्ट के पदाधिकारियों के अनुसार रामलला की प्राण प्रतिष्ठा मकर संक्रांति के बाद होनी चाहिए। ऐसे में 14–15 जनवरी 2024 से 24 जनवरी के बीच रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का अनुष्ठान संपन्न कर लिया जाएगा। प्राण प्रतिष्ठा का अनुष्ठान 10 दिवसीय होगा। नृपेंद्र मिश्रा ने बताया कि 24–25 जनवरी से भव्य गर्भगृह में भक्तों को रामलला का दर्शन प्राप्त होने लगेगा।

बताते चलें कि रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के लिए ट्रस्ट ने देश के शीर्ष ज्योतिषियों से मुहूर्त निकलवाए हैं। ज्योतिषियों द्वारा दिए गए शुभ मुहूर्त में 21,22, 24 व 25 जनवरी की तिथि शामिल है। ट्रस्ट सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार 22 जनवरी को रामलला की प्राण प्रतिष्ठा हो सकती है, क्योंकि यह सबसे उत्तम तिथि बताई जा रही है।

यह भी तय है कि रामलला को नए घर में विराजमान करने पीएम मोदी आएंगे। 15 जून को भरतकुंड में आयोजित जनसभा में सीम योगी आदित्यनाथ ने भी कहा था कि पीएम नरेंद्र मोदी के हाथों से रामलला की प्राण प्रतिष्ठा होगी। उससे पहले अयोध्या सुंदरतम नगरी बन जाएगी। वहीं श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट द्वारा पीएम मोदी को आमंत्रण भी भेजा जा चुका है।

प्राणप्रतिष्ठा के लिए रामलला की अचल मूर्ति के निर्माण का काम भी तेजी से चल रहा है। नवंबर तक मूर्ति बनकर तैयार हो जाएगी।

नृपेंद्र मिश्र ने साक्षात्कार में कहा है कि एक समय था जब रामभक्तों ने राममंदिर निर्माण की आशा ही छोड़ दी थी। इस बीच जब 2019 में 500 साल तक चले लंबे संघर्ष के बाद सुप्रीम कोर्ट से राममंदिर के हक में फैसला आया तो पूरे देश में उत्साह छा गया। इसके बाद जब मंदिर निर्माण के लिए ट्रस्ट का गठन हुआ तो रामभक्तों में मंदिर निर्माण की आशा फिर जगी। आज सदियों की कल्पना साकार रूप ले रही है।

पांच पत्नियों वाले शख्स ने लड़की का अपहरण कर किया छठवीं बार निकाह, एफआईआर पर दी ये धमकी

शामली (एजेंसी)। उत्तर प्रदेश के शामली जिले के पांच पत्नी रखने वाले शख्स ने अब 19 साल की लड़की का अपहरण कर उससे निकाह किया। घटना के प्रकाश में आने के बाद स्थानीय बजरंग दल के कार्यकर्ताओं के साथ स्वामी यशवीर सिंह सहित हिंदू कार्यकर्ताओं ने थाने के बाहर विरोध प्रदर्शन किया और आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की।महिला अभी भी आरोपी के साथ है। बजरंग दल के स्थानीय कार्यकर्ताओं ने 22 जून से पहले लड़की की बरामदगी की मांग को लेकर ज्ञापन दिया और चेतावनी दी कि अगर ऐसा नहीं किया गया, तो वे गांव में धरना प्रदर्शन करेंगे। यह जानने के बाद कि पीड़िता के परिवार ने शिकायत दर्ज कराई है।

ओडिशा रेल हादसा : सिग्नल जेई आमिर खान का परिवार लापता, सीबीआई ने सील किया घर

नई दिल्ली (एजेंसी)। ओडिशा के बालासोर ट्रेन हादसे को लेकर सीबीआई ने बालासोर सिग्नल जेई आमिर खान का घर सील कर दिया है। जांच टीम ने कुछ दिन पहले ही हादसे को लेकर सिग्नल जेई से पूछताछ की थी। जिसके बाद से ही सिग्नल जेई अपने परिवार के साथ लापता है। 2 जून को हुए इस हादसे में अब तक 290 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है जबकि सैकड़ों लोगों का अभी भी इलाज चल रहा है।

सीबीआई को ओर से ट्रेन हादसे की जांच की शुरुआत 6 जून को गई। इससे पहले इस मामले में सीबीआई केस दर्ज की थी। सरकार की ओर से मामले की सीबीआई जांच का आदेश तब दिया गया जब इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग सिस्टम के साथ छेड़छाड़ की आशंका व्यक्त की गई। हादसे के बाद रेलवे के अधिकारियों ने कहा था कि हो सकता है कि इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग सिस्टम के साथ किसी भी प्रकार की छेड़छाड़ की गई हो।बता दें, यह हादसा उस वक्त हुआ जब तेज रफ्तार से जा रही कोरोमंडल एक्सप्रेस बालासोर में डिरेल होकर लूप लाइन पर खड़ी मालगाड़ी से टकरा गई थी। वहीं, उसके कुछ डिब्बे बगल की पटरी से गुजर रही दूसरी पैसेंजर ट्रेन से भी टकरा गए थे। हादसा इतना भीषण था डिब्बों के परखच्चे उड़ गए हैं। हादसे का अंदाजा इसी से लगा सकते हैं कि कोरोमंडल ट्रेन का इंजन मालगाड़ी के वैगन पर चढ़ गया था। हादसे में अब तक 292 यात्रियों की मौत हो चुकी है। जिस वक्त हादसा हुआ था उस समयें करीब 1200 लोग घायल हुए थे।

ईरान में पाकिस्तानी शख्स ने भारतीय जोड़े को बनाया बंधक

नई दिल्ली (एजेंसी)। गुजरात के अहमदाबाद शहर के नरोदा के एक युवा जोड़े को एक पाकिस्तानी एजेंट ने ईरान में बंधक बना लिया और उसने उनकी रिहाई के लिए पैसे की मांग की है। पुलिस ने इस मामले जानकारी दी और कहा कि गुजराती जोड़ा ने अमेरिका में अवैध रूप से घुसने के लिए उससे संपर्क किया था। पुलिस उपायुक्त (अपराध) चैतन्य मांडलिक ने कहा कि इस संबंध में नरोदा इलाके के कृष्णानगर पुलिस थाने में प्राथमिकी दर्ज की जा रही है और अहमदाबाद शहर की अपराध शाखा ने जांच शुरू कर दी है।

'24 घंटे में हुए चार मर्डर' : केजरीवाल की एलजी को चिट्ठी

दिल्ली की बिगड़ती कानून व्यवस्था को लेकर की यह मांग

नई दिल्ली , एजेंसी। दिल्ली की बिगड़ती कानून व्यवस्था पर मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने उपराज्यपाल वीके सक्सेना को चिट्ठी लिखी है। केजरीवाल ने चिट्ठी में कहा कि दिल्ली की कानून व्यवस्था की हालत बहुत ही चिंतजानक है। पिछले 24 घंटों में 4 हत्याएं हुई हैं। हर नागरिक असुरक्षित महसूस कर रहा है। दिल्ली की कानून व्यवस्था के लिए सीधे उपराज्यपाल और गृह मंत्री जिम्मेदार हैं। नागरिकों, विधायकों और ग्प्क्षअ के साथ मिलकर कानून व्यवस्था सुधारी जाये। थाना लेवल कमिटी फिर से शुरू की जाये। केजरीवाल ने दिल्ली में बढ़ते अपराधों को लेकर एलजी के साथ दिल्ली कैबिनेट की बैठक का प्रस्ताव रखा है।

अरविंद केजरीवाल ने मंगलवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर भाजपा पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि भाजपा दिल्ली में चार चुनाव बुरी तरह से हार गई। अगले कई वर्षों तक दिल्ली जीतने की उनकी कोई उम्मीद नहीं है। तो बीजेपी ने इस अध्यादेश के ज़रिए दिल्ली को हथियाने की कोशिश की है, कैसे? ये अध्यादेश मंत्रियों, मुख्यमंत्री और कैबिनेट के ऊपर अफसरों को बैठाता है। हर विभाग में अब अंतिम निर्णय मंत्री का नहीं, विभाग सचिव का होगा। सचिव मंत्री के निर्णय को खारिज कर सकता है। कैबिनेट के ऊपर मुख्य सचिव होगा जो तय करेगा कि कैबिनेट का कौन सा निर्णय सही है। अथॉरिटी में सीएम के निर्णय को पलटने के लिए सीएम के ऊपर दो अफ़सरों को बैठा दिया गया। अफसरों की मर्जी के बिना कोई प्रस्ताव कैबिनेट में नहीं लाया जा सकता। तो सारे निर्णय अब अफ़सर लेंगे और इन अफ़सरों पर सीधे केंद्र सरकार का कंट्रोल होगा। इस तरह भाजपा चुनाव हारने के बाद चोरी से दिल्ली सरकार चलाना चाहती है।

इससे पहले आप के नेताओं ने सोमवार सुबह ट्वीट करके आरोप लगाया था कि उपराज्यपाल अपना कार्य करने के बजाय दिल्ली सरकार के काम का श्रेय लेने में लगे रहते हैं। पार्टी की मुख्य प्रवक्ता प्रियंका कक्कड़ ने संवाददाता सम्मेलन में आरोप लगाया कि उपराज्यपाल से दिल्ली की कानून व्यवस्था संभल नहीं रही है। इसलिए दिल्ली में लगातार आपराधिक घटनाएं बढ़ती जा रही हैं। कक्कड़ ने कहा कि रविवार शाम को साउथ कैंपस के अंदर घुसकर छात्र निखिल चौहान की हत्या कर दी गई।

आप नेता ने कहा कि सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में उसके पिता को रोते–बिलखते देखकर दिल दहल गया। सिर्फ निखिल को ही नहीं मारा गया, बल्कि उसके पूरे परिवार को मारा गया है। इस प्रकार की घटनाएं बढ़ती ही जा रही हैं। कभी युवती को कार के नीचे 12 किलोमीटर तक घसीटा जाता है तो कभी घर में घुसकर दो युवतियों को गोली मार दी जाती है। इन घटनाओं से पता चलता है कि दिल्ली में लोग सुरक्षित नहीं है। उन्होंने कहा कि भाजपा की केंद्र सरकार के अधीन दिल्ली की कानून व्यवस्था आती है और वह दिल्ली में लगातार अपराधियों का मनोबल बढ़ा रही है। भाजपा के मंच पर बड़े अपराधी पाए जाते हैं। यही कारण है कि अपराधी निडर हो गए हैं।

तूर ने अपना एशियाई रिकॉर्ड तोड़ विश्व चैम्पियनशिप के लिये क्वालीफाई किया, श्रीशंकर ने लंबी कूद का स्वर्ण जीता

भुवनेश्वर, । भारत के शीर्ष गोला फेंक एथलीट तेजिंदर पाल तूर ने सोमवार को यहां राष्ट्रीय अंतरराज्यीय चैम्पियनशिप के अंतिम दिन 21.77 मीटर के थ्रो से अपना एशियाई रिकॉर्ड तोडक़र विश्व चैम्पियनशिप के लिये क्वालीफाई किया।

पंजाब का प्रतिनिधित्व कर रहे तूर का एशियाई रिकॉर्ड 21.49 मीटर का था जो उन्होंने 2021 में पटियाला में बनाया था। इस 28 साल के एथलीट ने कलिंग स्टेडियम में तीसरे थ्रो में 21.77 मीटर दूर गोला फेंका जो इस सत्र में विश्व में नौंवा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है।विश्व चैम्पियनशिप का क्वालीफाइंग मानक 21.40 मीटर का है। उन्होंने एशियाई खेलों के लिए भी क्वालीफाई किया जिसका क्वालीफाइंग मानक 19 मीटर का है। एशियाई खेलों के मौजूदा स्वर्ण पदक विजेता तूर ने पहले थ्रो में 21.09 मीटर की दूरी तय की। उनका दूसरा थ्रो फाउल रहा जिसके बाद उन्होंने एशियाई रिकॉर्ड तोड़ दिया। अगले दो प्रयास भी फाउल रहे और उन्होंने अंतिम प्रयास नहीं किया।

पंजाब के ही करणवीर सिंह 19.78 मीटर के थ्रो से दूसरे स्थान पर रहे, उन्होंने भी एशियाई खेलों के लिए क्वालीफाई किया जबकि ज्योति याराजी को सर्वश्रेष्ठ महिला एथलीट चुना गया जिन्होंने 100 मीटर और 100 मीटर बाधा दौड़ में स्वर्ण पदक जीते।तूर ने कहा, मेरी ट्रेनिंग योजना के अनुसार रही और मैं 21 मीटर की दूरी तय करने के लिये तैयार था। अब मेरी योजना 22 मीटर पार करने की है। वहीं लंबी कूद के स्टार एथलीट मुरली श्रीशंकर ने 8.29 मीटर से अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ चौथा प्रयास किया जिससे उन्होंने आसानी से स्वर्ण पदक जीत लिया। उन्होंने 8.03 मीटर से शुरुआत की और दूसरे थ्रो में दिन का अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। अगले चार प्रयास फाउल रहे। तमिलनाडु के जेस्विन एल्ड्रिन 7.98 मीटर की कूद से दूसरे स्थान पर रहे, उन्होंने भी एशियाई खेलों का 7.95 मीटर का क्वालीफाइंग मानक पूरा किया। श्रीशंकर ने कहा, मैंने स्वर्ण पदक जीता लेकिन मैं अपने प्रदर्शन से खुश नहीं हूं क्योंकि मैं और ऊंची कूद लगा सकता था। केरल की एंसी सोजान ने भारत की नंबर एक शैली सिंह को पछाडक़र महिलाओं की लंबी कूद का स्वर्ण पदक जीता। सोजान ने 6.51 मीटर की कूद लगायी। उत्तर प्रदेश की शैली ने अपने दूसरे प्रयास में दिन की सर्वश्रेष्ठ 6.49 मीटर की कूद लगायी। इन दोनों ने एशियाई खेलों के लिए क्वालीफाई किया जिसका क्वालीफाइंग मानक 6.45 मीटर का है।

भाला फेंक सपर्धा में उत्तर प्रदेश के रोहित यादव, ओडिशा के किशोर कुमार जेना और उत्तर प्रदेश के शिवपाल सिंह ने 78.23 मीटर के क्वालीफाइंग मानक को हासिल कर एशियाई खेलों के लिये क्वालीफाई किया।रोहित ने 83.28 मीटर भाला फेंका जबकि किशोर और शिवपाल ने क्रमशः 82.87 मीटर और 81.96 मीटर की दूरी तय की। दिल्ली की केएम चंदा और हरमिलन बैंस ने महिलाओं की 800 मीटर रेस में हांगजोऊ एशियाई खेलों का क्वालीफिकेशन समय हासिल किया जो 2:04.57 सेकेंड का है। चंदा ने 2:03.82 सेकेंड के समय से पहला जबकि बैंस ने 2:04.04 सेकेंड से दूसरा स्थान हासिल किया।मध्य प्रदेश की केएम दीक्षा ने 2:04.35 सेकेंड के समय से कांस्य पदक जीता। चंदा ने महिलाओं की 1500 मीटर स्पर्धा का कांस्य पदक हासिल किया। भारत की बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों की कांस्य पदक विजेता अनु रानी ने महिलाओं की भाला फेंक स्पर्धा में एशियाई खेलों का टिकट कटाया। उन्होंने 58.22 मीटर दूर भाला फेंका जो एशियाई खेलों के क्वालीफाइंग मानक 56.46 मीटर से बेहतर था।

अश्विनी—तनीषा की जोड़ी ने नैनटेस अंतरराष्ट्रीय बैडमिंटन चैलेंज खिताब जीता

नैनटेस (फ्रांस), भारतीय महिला बैडमिंटन खिलाड़ी अश्विनी पोनप्पा और तनीषा क्रास्टो की जोड़ी ने चीनी ताइपे की हुंग एन जु और लिन यु पेई की जोड़ी को महज 31 मिनट में शिकस्त देकर नैनटेस अंतरराष्ट्रीय चैलेंज खिताब अपने नाम किया।

अश्विनी और तनीषा की जोड़ी ने फाइनल में 21–15, 21–14 से जीत हासिल की। पहले भारतीय जोड़ी 0–4 से पिछड़ रही थी लेकिन जल्द ही उन्होंने वापसी करते हुए स्कोर 10–10 से बराबर किया और पहला गेम 21–15 से जीत लिया।

दूसरे गेम में भारतीय जोड़ी का दबदबा साफ दिखायी दिया। 3–3 की बराबरी के बाद अश्विनी–तनीषा ने लगातार सात अंक जुटाये।

भारत को हालांकि मिश्रित युगल के फाइनल में हार का सामना करना पड़ा जिसमें तनीषा और के साई प्रतीक को डेनमार्क की मैड्स वेस्टरगार्ड और क्रिस्टिन बुश से 21 मिनट में 21–14, 14–21, 17–21 से हार मिली।

अंतरराष्ट्रीय चैलेंज टूर्नामेंट बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर सीरीज का हिस्सा नहीं है। अश्विनी ने कहा, काफी लंबे समय से जीत हासिल नहीं कर पा रही थी इसलिये यह जीत शानदार लग रही है। तनीषा और मैं जनवरी से एक साथ खेल रहे हैं जिससे यह जीत हासिल करना शानदार है।

टेस्ट क्रिकेट में 22 हजार से अधिक गेंदें फेंकने वाले पहले गेंदबाज बन गए जेम्स एंडरसन

नईदिल्ली, इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया के बीच एशेज सीरीज का पहला टेस्ट मैच खेला जा रहा है। यह मैच अभी निर्णायक मोड़ पर नहीं पहुंचा है। इस मैच में ऑस्ट्रेलिया ने 281 रन के लक्ष्य के जवाब में चौथे दिन का खेल समाप्त होने तक 3 विकेट के नुकसान पर 107 रन बना लिए हैं। साथ ही इस मैच में इंग्लैंड के तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन ने एक उपलब्धि भी हांसिल की है।रिपोटर्स के अनुसार जेम्स एंडरसन टेस्ट क्रिक्रेट के इतिहास में अपनी सरजमीं पर 22 हजार से अधिक गेंदें फेंकने वाले इंग्लैंड के पहले गेंदबाज बन गए है। वहीं इस मामले में उनसे आगे श्रीलंका के मुथैया मुरलीधरन है। उन्होंने अपनी सरजमी पर 25,061 गेंदे डालने का रिकॉर्ड बनाया है।वहीं भारत के पूर्व कप्तान अनिल कुंबले इस लिस्ट में तीसरे नंबर पर है। उन्होंने 20792 गेंदें फेंकी है। शेन वार्न 19417 गेंदों के साथ चौथे नंबर पर है।

एएफसी अंडर 17 एशियाई कप में भारत का सामना उजबेकिस्तान से

पाथुम थानी (थाईलैंड), 20 जून। इंटर कॉंटिनेंटल कप में सीनियर टीम की जीत से प्रेरित भारतीय जूनियर टीम एएफसी अंडर 17 एशियाई कप में मंगलवार को यहां उजबेकिस्तान से खेलेगी ।

एक अंक हासिल कर चुकी भारतीय टीम ग्रुप डी के मैच में पूरे आत्मविश्वास के साथ उतरेगी । भारत ने पहले मैच में वियतनाम से 1 . 1 से ड्रॉ खेला था ।

मुख्य कोच बिबियानो फर्नांडिज ने कहा , हमारे लिये यह बहुत जरूरी है कि उजबेकिस्तान के खिलाफ शांतचित्त होकर खेलें ।

उन्होंने कहा , हमारे पास एक अंक है जो अच्छी शुरूआत है । इस समय ग्रुप में सभी टीमों के पास एक एक अंक है और एक अच्छा नतीजा मिलते ही हमारा पलड़ा भारी हो जायेगा।

एशियाई चैंपयिनशिप में पदक जीतने वाली पहली भारतीय तलवारबाज बनीं

नयी दिल्ली, ओलंपियन सीए भवानी देवी ने सोमवार को चीन के वुक्सी में एशियाई तलवारबाजी चैंपियनशिप की महिला सेबर स्पर्धा के सेमीफाइनल में जगह बनाकर इतिहास रच प्रतियोगिता में भारत के लिए पहला पदक सुनिश्चित किया। भवानी ने क्वार्टर फाइनल में गत विश्व चैंपियन जापान की मिसाकी एमुरा को 15–10 से हराकर इतिहास रचा।सेमीफाइनल में भवानी की भिड़ंत उज्बेकिस्तान की जेनाब डेयिबेकोवा से होगी।भवानी को राउंड ऑफ 64 में बाई मिली थी जिसके बाद अगले दौर में उन्होंने कजाखस्तान की डोस्पे करीना को हराया। भारतीय खिलाड़ी ने प्री क्वार्टर फाइनल में भी उलटफेर करते हुए तीसरी वरीय ओजाकी सेरी को 15–11 से हराया। भारतीय तलवारबाजी संघ के महासचिव राजीव मेहता ने भवानी को उनकी एतिहासिक उपलब्धि पर बधाई दी है। मेहता ने पीटीआई से कहा, यह भारतीय तलवारबाजी के लिए बेहद गौरवपूर्ण दिन है। भवानी ने वह किया है जिसे इससे पहले कोई और हासिल नहीं कर पाया। वह प्रतिष्ठित एशियाई चैंपियनशिप में पदक जीतने वाली पहली भारतीय तलवारबाज हैं। पूरे तलवारबाजी जगत की ओर से मैं उन्हें बधाई देता हूं और उम्मीद करता हूं कि वह स्वर्ण पदक लेकर लौटेंगी।ओलंपिक में क्वालीफाई करने वाली पहली भारतीय तलवारबाज बनीं भवानी तोक्यो खेलों में राउंड ऑफ 32 से बाहर हो गईं थी।

फिल्मी सफर

पहले दिन आदिपुरुष की जबरदस्त शुरुआत, जरा हटके जरा बचके का ऐसा रहा हाल



लंबे इंतजार के बाद 16 जून को सिनेमाघरों में ओम राउत की आदिपुरुष ने दस्तक दे दी है। फिल्म को समीक्षकों और दर्शकों की ओर से अच्छी प्रतिक्रिया नहीं मिल रही है। हालांकि, यह पहले ही दिन बॉक्स ऑफिस पर अपना कमाल दिखाने में कामयाब रही है, वहीं इसकी वजह से जरा हटके जरा बचके को दर्शक नहीं मिले। इतना ही नहीं द केरल स्टोरी की सिनेमाघरों से ही छुट्टी हो गई है। आइए जानते हैं किसने कितनी कमाई की।

आदिपुरुष को करीब 600 करोड़ रुपये के बजट में बनाया गया है और ऐसे में अनुमान लगाया जा रहा था कि यह इस साल की सबसे बड़ी फिल्म साबित होगी।

रिपोर्ट के अनुसार, पहले दिन फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर 86.5 करोड़ के साथ शानदार शुरुआत की है। इसमें तेलुगू में सबसे ज्यादा 50 करोड़ रुपये कमाए हैं, वहीं हिंदी में 35 करोड़, मलयालम में 0.4 करोड़, तमिल में 0.7 करोड़ और कन्नड़ में 0.4 करोड़ रुपये की कमाई हुई।

अभी तक आए आंकड़ों के अनुसार, आदिपुरुष ने हिंदी में पहले दिन 35 करोड़ का कलेक्शन किया है। ऐसे में यह शाहरुख खान की पठान के पहले दिन की हिंदी में 57 करोड़ रुपये के रिकॉर्ड को नहीं तोड़ पाई है। यह यश की चत्रस्त्र चैप्टर 2 से भी पीछे रही है, जिसने हिंदी में पहले दिन 54 करोड़ कमाए थे। आदिपुरुष ब्रह्मास्त्र के पहले दिन की 36 करोड़ कमाई के रिकॉर्ड को तोड़ तीसरे स्थान पर आ सकती है।

विक्की कौशल और सारा अली खान की फिल्म जरा हटके जरा बचके बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन कर रही थी, लेकिन अब आदिपुरुष की रिलीज के बाद इसकी कमाई में गिरावट आई है।

रिपोर्ट के अनुसार, लक्ष्मण उतेकर के निर्देशन में बनी फिल्म ने अपनी रिलीज के 14वें दिन 1.98 करोड़ रुपये कमाए थे तो अब 15वें इसकी कमाई 90 लाख रुपये हो गई है। ऐसे में अब इसका कुल कलेक्शन 63.90 करोड़ हो गया है।

सुदीप्तो सेन की द केरल स्टोरी 5 मई को रिलीज होने के बाद से ही चर्चा में बनी हुई थी। फिल्म को पहले जहां विरोध का सामना करना पड़ा तो रिलीज के बाद दर्शकों ने इसे पसंद किया। फिल्म छठे हफ्ते तक बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन करने में सफल रही और अब आदिपुरुष की रिलीज के बाद सिनेमाघरों से इसका पत्ता साफ हो गया है। रिपोर्ट के मुताबिक, फिल्म 42वें दिन तक 241.24 करोड़ का कलेक्शन किया।

डीपनेक ब्लाउज पहन निक्की तंबोली ने गिराईं हुस्न की बिजलियां, फोटो देख हैरत में फैंस

बिग बॉस फेम निक्की तंबोली आए दिन अपने बोल्ड अंदाज से सोशल मीडिया पर लाइमलाइट बटौरती रहती हैं। एक्ट्रेस जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उनकी फोटोज पर लाइक्स और कॉमेंट्स के जरिए जमकर अपनी–अपनी प्रतिक्रियाएं देते हैं। हाल ही में निक्की ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरों से सोशल मीडिया का पारा हाई कर दिया है। एक्ट्रेस निक्की तंबोली एक बार फिर से अपने हॉट और बोल्ड लुक्स के कारण सोशल मीडिया पर चर्चाओं का विषय बन गई हैं। वो हर बार अपने लुक्स से इंटरनेट पर खलबली मचाती रहती हैं।

निक्की का हर एक अंदाज फैंस के बीच ट्रेंड करता है। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट के दौरान की कुछ ग्लैमरस तस्वीरें इंस्टा पर पोस्ट की हैं। इन तस्वीरों में अभिनेत्री निक्की ने स्टाइलिश लहंगा और डीपनेक टॉप लुक में ब्लाउज पहना हुआ है।

फुकरे 3 और द आर्चीज की रिलीज डेट आई सामने

फुकरे फ्रेंचाइजी की तीसरी किस्त यानी फुकरे 3 का इंतजार दर्शक बेसब्री से कर रहे हैं, लेकिन अब इसे और आगे बढ़ा दिया गया है। पहले यह नवंबर में रिलीज होने वाली थी। अब इसकी रिलीज दिसंबर तक के लिए टल गई है, जिससे बेशक फिल्म के प्रशंसक निराश हो जाएंगे। एक्सेल एंटरटेनमेंट की फिल्म द आर्चीज की रिलीज भी सामने आ गई है। आइए जानते हैं पर्दे पर कब आएंगी दोनों फिल्में।

रिपोर्ट के मुताबिक, फुकरे 3 की रिलीज 1 महीने आगे बढ़ा दी गई है। अब निर्माता–निर्देशक इसे दिसंबर में रिलीज करने वाले हैं। 1 दिसंबर या 8 दिसंबर में से किसी भी एक तारीख को फाइनल किया जाना है। पिछले कुछ हफ्तों में हुई बातचीत में फिल्म को सर्दियों में दर्शकों के बीच लाने की बात हुई है। 1 दिसंबर को इसके पर्दे पर आने की संभावना ज्यादा है। जल्द ही इसे लेकर आधिकारिक घोषणा होगी।फुकरे 3 और द आर्चीज दोनों ही फिल्में एक्सेल एंटरटेनमेंट के बैनर तले बन रही हैं। द आर्चीज से शाहरुख खान की बेटी सुहाना बॉलीवुड में कदम रख रही हैं। बीते दिन उनकी इस फिल्म का नया पोस्टर रिलीज हुआ था और साथ ही यह जानकारी दी गई थी कि ये फिल्म जल्द ही नेटफ्लिक्स पर आने वाली है। एक सूत्र ने बताया है कि द आर्चीज 24 नंवबर को रिलीज होने वाली है।मृगदीप सिंह लांबा फुकरे 3 के निर्देशक हैं। पुलकित सम्राट, वरुण शर्मा, ऋचा चड्ढा, मनजोत सिंह और पंकज त्रिपाठी इसका हिस्सा हैं। 2013 में इस फिल्म का पहला भाग और 2017 में दूसरा भाग आया था और दोनों ने ही शानदार कमाई की थी। दूसरी तरफ द आर्चीज की निर्देशक जोया अख्तर हैं। वह इस फिल्म से सुहाना, खुशी कपूर और अमिताभ बच्चन–जया बच्चन के नाती अगस्त्य नंदा को लॉन्च कर रही हैं। फिल्म में तीनों की दोस्ती दिखाई जाएगी।

गुज्जू पताका गाने पर कार्तिक आर्यन ने किया स्टेज तोड़ डांस

कार्तिक आर्यन और कियारा आडवाणी की फिल्म सत्यप्रेम की कथा में अपनी धमाकेदार केमिस्ट्री से एक बार फिर सबका दिल जीत लेने के लिए तैयार हैं. जब से फिल्म का ट्रेलर रिलीज हुआ है तब से फैन्स फिल्म की रिलीज का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं. हाल ही में, मेकर्स ने आज के बाद और नसीब से, नाम दो रोमांटिक गाने रिलीज़ किए जो पहले ही चार्टबस्टर बन चुके हैं, और अब यह गुज्जू पताका नाम का गाना फिल्म के तीसरे गाना है. इस गाने में कार्तिक आर्यन को स्टेज तोड़ डांस करते हुए देखा जाएगा, जो कार्तिक ने पहले कभी नहीं किया. यह गाने आपको डांस फ्लोर पर आने के लिए मजबूर कर देगा.इस गाने में कार्तिक आर्यन दूल्हे के चार अलग–अलग गेट–अप में नज़र आते हैं, जो कार्तिक को देखने के लिए आपको एक्साइटेड करता है. जैसा कि गुज्जू पताका के टीज़र ने दर्शकों को सभी दुल्हे की एंट्री वाइब्स से एन्ट्रो कराया. कार्तिक आर्यन को उनके जबरदस्त डांस मूव्स के साथ स्वैग के साथ देखना सबके लिए अवेटेड है. सत्यप्रेम की कथा का एक और चार्टबस्टर गाना आने वाला है. जो साजिद नाडियाडवाला और नमह पिक्चर्स प्रोडक्शन की तरफ से की गई है. इस गाने में चार शादियों के भव्य सेटअप दिखाया गया है.इस गाने में कार्तिक आर्यन दूल्हे के चार अलग–अलग गेट–अप में नज़र आते हैं, जो कार्तिक को देखने के लिए आपको एक्साइटेड करता है.

जैसा कि गुज्जू पताका के टीज़र ने दर्शकों को सभी दुल्हे की एंट्री वाइब्स से एन्ट्रो कराया. कार्तिक आर्यन को उनके जबरदस्त डांस मूव्स के साथ स्वैग के साथ देखना सबके लिए अवेटेड है. सत्यप्रेम की कथा का एक और चार्टबस्टर गाना आने वाला है.

बिग बॉस ओटीटी 2 में स्नेहा उल्लाह की एंट्री हुई पक्की

कॉन्ट्रोवर्शियल रियलिटी शो बिग बॉस ओटीटी के दूसरे सीजन का काउंडाउन शुरू हो गया है। इस को खुद सलमान खान होस्ट करने वाले हैं, जिसमें टीवी के साथ–साथ बॉलीवुड के भी कुछ बड़े चेहरे नजर आने वाले हैं। इस सीजन में आकांक्षा पुरी, जिया शंकर, नवाजुद्दीन की वाइफ आलिया, पुनीत सुपरस्टार के अलावा बेबिका धुर्वे , फलक नाज समेत कई कलाकार नजर आने वाले हैं। वहीं, अब शो के एक और कंटेस्टेंट का नाम सामने आया है। दावा है कि बिग बॉस को घर में सलमान खान की एक एक्ट्रेस की एंट्री होने वाली है, जो फैंस के बीच ऐश्वर्या राय की हमशक्ल के रूप में पॉपुलर हुई थी।

रिपोर्ट्स के मुताबिक, स्नेहा उल्लाह बिग बॉस ओटीटी 2 में नजर आने वाली हैं। स्नेहा इस शो की 11वीं कंफर्म कंटेस्टेंट हैं और वह घरवालों से पंगा लेने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। बता दें कि स्नेहा उल्लाह सलमान खान के साथ फिल्म लकी में नजर आई थीं। इस फिल्म में स्नेहा को पसंद किया गया। हालांकि, फिल्म फ्लॉप रही। सलमान खान के साथ काम करने के बाद स्नेहा को इंडस्ट्री में पहचान तो मिली। लेकिन उन्हें ऐश्वर्या राय की हमशक्ल के तौर पर देखा जाने लगा। फैंस को स्नेहा का चेहरा लगभग ऐश्वर्या की तरह ही लगता है, जिस वजह से भी वह फिल्मों में नहीं चल पाईं।

सलमान खान का बिग बॉस ओटीटी 2 जियो सिनेमा पर 17 जून से स्ट्रीम होगा। शो सिर्फ ओटीटी प्लेटफॉर्म पर स्ट्रीम होगा। बिग बॉस के मेकर्स ने इस सीजन के घर की झलक फैंस को दिखा दी है। सोशल मीडिया पर सामने आए वीडियो में देखने के लिए मिला था कि इस बार बिग बॉस के घर में किचन और रूम के साथ जेल भी मिलने वाली है। यानी पिछले कुछ सीजन की तरह इस बार भी जेल का कॉन्सेप्ट रहेगा।

जयन्त
संस्थापक
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
नागेन्द्र उनियाल द्वारा
प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा
बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार
(गढ़वाल) से प्रकाशित
—सम्पादक
नागेन्द्र उनियाल
आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382—222383
मो. 8445596074,
9412081969
e-mail:
nagendra.uniyal@gmail.com